हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 194, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 13 जनवरी, 2024 दिन शनिवार | गाजीपुर/वाराणसी

## अयोध्या होगा दुनिया का सबसे भव्य टूरिस्ट स्पॉट : सीएम योगी

### एक वर्ष में 31 करोड़ पर्यटक आए, प्रदेश में विभिन्न तरह के रोजगार का हुआ सृजन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले एक वर्ष में उत्तर प्रदेश में साढ़े 31 करोड़ पर्यटक आए। इससे प्रदेश में विभिन्न तरह के रोजगार का सृजन हुआ है। 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर अयोध्या सबसे विकसित और भव्य टूरिस्ट स्पॉट होगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के धार्मिक पर्यटक स्थल को विकसित कर रही है। काशी विश्वनाथ में पहले एक साथ पचास श्रद्धालु भी खड़े नहीं हो पाते थे। कॉरिडोर बन जाने से अब पचास हजार श्रद्धालु एक साथ धाम में एकत्र होकर धार्मिक आयोजन में भाग ले सकते हैं।



**सीएम ने स्मार्ट फोन और टेबलेट का किया वितरण**– सीएम योगी ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर डॉ. ए. पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्यस्तरीय विवेकानंद यूथ अवॉर्ड एवं उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति के अंतर्गत स्टार्टअप/इनक्यूबेटर्स को प्रोत्साहन राशि तथा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन/टैबलेट का वितरण किया। साथ ही सीएम योगी ने पोर्टल के माध्यम से स्वच्छता अभियान संबंधी गतिविधियों का शुभारंभ भी किया। इसके अलाव 14 जनवरी से प्रारंभ हो रहे विशेष स्वच्छता अभियान से उन्होंने युवाओं से और प्रदेश के समस्त नागरिकों को जोड़ने का आह्वान किया।

**स्वामी विवेकानंद ने भारत समेत पूरी दुनिया को नई राह दिखाई : सीएम**– अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि मात्र 39 वर्ष की आयु में स्वामी विवेकानंद ने भारत समेत पूरी दुनिया को नई राह दिखाई। उन्होंने युवाओं को उठो, जागो और अपने ध्येय की प्राप्ति तक न रुकने का संदेश दिया। युवाओं को स्वामी विवेकानंद की इस बात को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। क्योंकि हर राह की एक मंजिल होती है, जब हम अपनी सही मंजिल और मार्ग का चुनाव करके आगे बढ़ेंगे तो निश्चित की हमें सफलता मिलेगी। सीएम योगी ने कहा कि विवेकानंद यूथ अवार्ड के तहत हमारी सरकार प्रदेश के दो करोड़ युवाओं को जोड़ रही है। इसके तहत युवाओं को टैबलेट और स्मार्ट फोन दिया जा रहा है।

**भारत को दुनिया की बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक सकता : योगी**– सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस राज्य है, जो किसी के सामने हाथ नहीं फैलता है। अब यूपी के पास युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने के लिए सारे संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए पंच प्रण- गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विकसित भारत, विरासत पर गर्व, नागरिक कर्तव्य और एकता एवं एकजुटता का संकल्प दिया है। इन्हीं संकल्पों के साथ यदि हम पूरी ईमानदारी के साथ अपना कार्य करेंगे तो भारत को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट था। परिवारवाद की राजनीति करने वाले लोग युवाओं को जाति का झुनझुना पकड़ाते थे। वे लोग जब सत्ता में आते थे अपनी जाति का अहित करते हुए अपने परिवार के कल्याण में लग जाते थे।

### सुप्रीम कोर्ट का महिला आरक्षण कानून से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महिला आरक्षण कानून को लेकर दायर की गई एक याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। दरअसल, एक वकील द्वारा दायर याचिका में मांग की गई थी कि महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा जल्द से जल्द लागू किया जाए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अधिवक्ता योगमाया एमजी की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। हालांकि, पहले से इस मामले में दायर कांग्रेस नेता जया ठाकुर की एक याचिका में हस्तक्षेप करने की छूट दे दी। पीठ ने कहा, 'देखिए, हम एक ही केस में कई अलग याचिकाएं नहीं चाहते हैं। अगर चाहो तो आप जया ठाकुर द्वारा दायर याचिका में हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर सकते हैं।' वहीं, योगमाया की ओर से पेश वकील ने अदालत से अनुरोध किया कि याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाए। पीठ ने इस दलील पर सहमति जताई और इसे वापस लेने की अनुमति दे दी। दरअसल, योगमाया ने अपनी याचिका में कहा था कि इस साल लोकसभा चुनाव में महिलाओं के लिए 33 फीसदी कोटा सुनिश्चित करने के लिए महिला आरक्षण कानून को तत्काल और समयबद्ध तरीके से लागू करने की जरूरत है।

## 22 जनवरी को सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए : पीएम मोदी

मुंबई/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल हुए। वे 30,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे। इस दौरान युवाओं ने मार्च-पास्ट किया और सांस्कृतिक नृत्य पेश किया। युवाओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने उनसे नशे से दूर रहने और माताओं बहनों के खिलाफ अपशब्दों के इस्तेमाल के खिलाफ आवाज उठाने को कहा।



अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कहा कि आज का ये दिन भारत की युवा शक्ति का दिन है। ये दिन उस महापुरुष को समर्पित है, जिन्होंने गुलामी के कालखंड में भारत को नई ऊर्जा से भर दिया था। ये मेरा सौभाग्य है कि मैं स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर नासिक में हूं। मैं आप सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मैंने आह्वान किया था कि 22 जनवरी तक हम सभी देश के तीर्थ स्थानों की, मंदिरों की साफ सफाई करें, स्वच्छता का अभियान चलाएं। आज मुझे कालाराम मंदिर में दर्शन करने का और मंदिर परिसर में सफाई करने का सौभाग्य मिला है। मैं देशवासियों से अपना आग्रह फिर दोहराऊंगा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर के निमित्त देश के सभी मंदिरों, तीर्थ क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाएं, अपना श्रमदान करें।

**सभी ने हमेशा युवाशक्ति को सर्वोपरि रखा: पीएम**– पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश के ऋषियों-मुनियों-संतों से लेकर सामान्य मानवी तक, सभी ने हमेशा युवाशक्ति को सर्वोपरि रखा है। श्री अरबिंदो कहते थे कि अगर भारत को अपने लक्ष्य पूरे करने हैं, तो भारत के युवाओं को एक स्वतंत्र सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। स्वामी विवेकानंद जी भी कहते थे कि भारत की उम्मीदें भारत के युवाओं के चरित्र और उनकी प्रतिबद्धता पर टिकी है। श्री अरबिंदो और स्वामी विवेकानंद का ये मार्गदर्शन आज 2024 में भारत के युवा के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है।

**21वीं सदी के भारत की सबसे सौभाग्यशाली पीढ़ी: पीएम मोदी**– उन्होंने कहा कि समय हर किसी को अपने जीवनकाल में एक सुनहरा मौका जरूर देता है। भारत के युवाओं के लिए वो सुनहरा मौका अभी है, अमृतकाल का ये कालखंड है। आज आपके पास मौका है इतिहास बनाने का, इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने का। आप ऐसा काम करिए कि अगली शताब्दी में उस वक्त की पीढ़ी आपको याद करे। आप अपने नाम को भारत और पूरी दुनिया के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिख सकते हैं। इसलिए मैं आपको 21वीं सदी के भारत की सबसे सौभाग्यशाली पीढ़ी मानता हूं। मैं जानता हूं कि आप ये कर सकते हैं। भारत के युवा ये लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। मेरा सबसे ज्यादा भरोसा आप सभी पर, भारत के युवाओं पर है।

## आजम खां की अपील पर सुनवाई, अपर महाधिवक्ता की दलील- निचली अदालत का फैसला रखा जाए बरकरार

रामपुर। नफरती भाषण के मामले में दो साल की सजा के खिलाफ दायर आजम खां की अपील पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से पेश अपर महाधिवक्ता अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि सपा नेता को निचली अदालत ने विधि सम्मत साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद सजा सुनाई है। निचली अदालत का फैसला बरकरार रखा जाए। फिलहाल बहस पूरी नहीं हो सकी है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी को होगी। शहजादनगर थाने में दर्ज नफरती भाषण के मामले में निचली अदालत ने सपा नेता आजम खां को दोषी करार देते हुए दो साल की कैद व 2500 रुपये जुमार्ना अदा करने की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ सपा नेता ने सेशन कोर्ट में अपील दायर की है, जिसकी सुनवाई चल रही है। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता अनिल प्रताप सिंह व सहायक शासकीय अधिवक्ता कुमार सौरभ ने सरकार की ओर से कोर्ट में अपना पक्ष रखा। सहायक शासकीय अधिवक्ता कुमार सौरभ ने बताया कि अभियोजन की बहस पूरी हीं हो सकी है। 16 जनवरी को इस मामले की सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां समेत छह लोगों के खिलाफ दर्ज मारपीट कर धमकाने के मामले में पीड़ित ने कोर्ट पहुंचकर बयान दर्ज कराए। कोर्ट ने जिरह के लिए 25 जनवरी की तारीख तय की है। सपा नेता के खिलाफ उनके पड़ोसी आरिफ रजा ने गंज थाने में 2019 में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया था कि सपा नेता आजम खां, फरहान खां समेत छह लोगों ने उनके साथ मारपीट की और धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान आरिफ रजा ने अपने बयान दर्ज कराए। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि आरिफ रजा की मुख्य परीक्षा पूरी हो गई है। जिरह के लिए कोर्ट ने 25 जनवरी की तारीख तय की है।



## मुझे कूरियर से भेजा गया प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण, बंगला धुलाने की तरह ही फिर किया अपमानित : अखिलेश यादव


लखनऊ। अखिलेश यादव ने कहा कि मुझे पता चला है कि मेरे लिए 22 जनवरी का निमंत्रण कूरियर के माध्यम से भेजा गया, लेकिन यह कूरियर मुझे आज तक प्राप्त नहीं हुआ है। मीडिया के लोग ही मुझे भेजे गए कूरियर की रसीद उपलब्ध करवा दें। उन्होंने कहा की अयोध्या मंदिर में दिव्यांगों, बुजुर्गों और बच्चों को जाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि दुनिया में सभी जगह हर ढांचे को बनाने में इस बात का विशेष ख्याल रखा जाता है। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि जिस तरह से निमंत्रण की खबर चलाई जा रही है, उससे मुझे अपमानित किया जा रहा है ठीक उसी तरह से जैसे मुख्यमंत्री आवास को गंगाजल से धोकर अपमानित किया गया था। भगवान श्री राम के नाम पर हम अपमानित न करें। मुझे कोई निमंत्रण नही मिला। कोई कूरियर भी नहीं आया। न घर पर न ऑफिस में। अखिलेश ने कहा कि अग्निवीर योजना पीडीए को रोकने के लिये लाई गई है। इंडिया गठबंधन सीट शेयरिंग में रामगोपाल यादव हैं। 2019 व 2022 चुनाव का आंकड़ा हम लोगों के सामने है। अखिलेश यादव ने कहा कि कम ही ऐसे लोग हैं, जिनसे लोगों ने प्रेरणा ली है। विवेकानंद इन्हीं लोगों में शामिल थे। उन्होंने शिकागों में



जो भाषण दिया। उसमें भारत व उस संस्कृति की बात थी। उन्होंने गरीब की सेवा का मंत्र दिया। भाजपा का रास्ता वह नहीं है जो विवेकानंद ने दिया। उन्होंने कहा कि नौकरियों का रास्ता आगे के लिए खत्म किया जा रहा है। पीडीए सपा व समाजवाद को दिशा देंगे। खुद आर्मी चीफ ने कहा कि 27 तक एक लाख सेना कम हो जाएगी।

## अमेरिका के हूती विद्रोहियों पर हमले के बाद नौसेना अलर्ट, अरब सागर में तैनात किए 10 युद्धक जहाज

नई दिल्ली। अमेरिका और ब्रिटेन ने मिलकर यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों के बाद लाल सागर और अरब सागर के इलाके में तनाव बढ़ने की आशंका है। इस आशंका को देखते हुए भारतीय नौसेना भी अलर्ट हो गई है। नौसेना ने एहतियातन अरब सागर में अपने युद्धक जहाजों, फ्रिजेट्स और पेट्रोलिंग जहाजों की तैनाती कर दी है। भारतीय नौसेना ने बयान जारी कर बताया कि छह से दस युद्धक जहाजों को अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात कर दिया गया है। इनमें डेस्ट्रॉयर, फ्रिजेट्स और ऑफशोर पेट्रोल वेसल्स शामिल हैं। इस तैनाती का फोकस सोमालिया के तट से होने वाली लूट की घटनाओं और व्यापारिक जहाजों पर ड्रोन हमलों को रोकना है। भारतीय युद्धक जहाज समुद्र में किसी भी घटना पर पूरी नजर रखे हुए हैं। इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से ही ईरान समर्थित हूती विद्रोही लगातार लाल सागर और अरब सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे थे। हूती विद्रोहियों के हमले के चलते अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए थे और एहतियातन कई कंपनियों ने अपने व्यापारिक जहाजों को दूसरे समुद्री रूट से भेजना शुरू कर दिया था। इसका असर ये हो रहा था कि इससे कंपनियों की लागत बढ़ी और उसके असर से पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ने का खतरा पैदा हो गया था। अमेरिका और सहयोगी देशों ने हूती विद्रोहियों को व्यापारिक जहाजों पर हमले ना करने की चेतावनी भी दी थी, लेकिन जब चेतावनी का असर नहीं पड़ा तो अमेरिका ने ब्रिटेन के साथ मिलकर गुरुवार को यमन में हूती विद्रोहियों के कई ठिकानों पर बड़ा हवाई हमला कर उन्हें तबाह कर दिया। अमेरिका की कार्रवाई के बाद लाल सागर और पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। दरअसल हूती विद्रोही फिलस्तीनियों के समर्थन में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे थे। अब जब हूती विद्रोहियों पर भी हवाई हमला हुआ है तो इसका क्षेत्रीय भू-राजनीति पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।



## राजद के मुस्लिम नेता ने खुले मंच पर पढ़ा हनुमान चालीसा; कहा- चंद लोग देश में नफरत फैलाना चाहते हैं

बिहार। बिहार के बेतिया में गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम के दौरान राजद अल्पंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सादिक खान ने मंच पर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। राजद नेता ने कहा कि चंद नफरती लोग देश में भाई को भाई से लड़वाकर नफरत फैलाना चाहते हैं। मैं लालू यादव का सिपाही हूं। हमारे सुप्रीमो अच्छा बिहार बनाना चाहते है। लेकिन कुछ लोग धर्म के नाम पर उन्माद फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, सादिक खान का मंच पर हनुमान चालीसा का पाठ किए जाने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, राजद के नेता सनातन धर्म, हिंदू देवी-देवताओं और मंदिरों पर सवाल उठाते रहे हैं। कोई रामचरितमानस पर सवाल उठा रहा है तो कोई मंदिर जाने को गलत रास्ता करार दे रहा है। एक तरफ राजद के नेता लगातार हिंदू धर्म को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ राजद खुद को सभी धर्मों का सम्मान करने वाली पार्टी बता रही है। राजद के दो नेता सनातन धर्म, मंदिर, हिंदू देवी-देवताओं पर खुलेआम बोलते रहते हैं। इनमें एक बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और दूसरे हैं खुद को महिषासुर का वंशज बताने वाले डेहरी के राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह। इन दोनों नेताओं ने सनातन धर्म, मंदिर, हिंदू देवी देवता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और कभी पटना में तो कभी पटना से बाहर जाकर विवादित टिप्पणी कर रहे हैं। एनडीए के खिलाफ बने इंडिया के नेता सनातन धर्म को लेकर लगातार बयानबाजी कर रहे हैं। बिहार में लालू-तेजस्वी की पार्टी राजद के नेताओं ने भी राज्य के अलग-अलग हिस्सों में घूम-घूम कर हिंदू धर्म और देवी-देवताओं के खिलाफ विचार रख रहे हैं। लेकिन इसी बीच बेतिया में राजद के एक मुस्लिम नेता ने खुले मंच पर हनुमान चालीसा का पाठ किया है। हालांकि लालू और तेजस्वी ने भी बालाजी के मंदिर में जाकर पूजा की थी साथ ही मुंडन भी कराया था।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कांग्रेस-भाजपा में रार, थौबल से शुरू होगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

नई दिल्ली। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसी ऐतिहासिक दिन को नवनिर्मित मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। इस मौके पर सियासत से लेकर खेल और अध्यात्म से जुड़ी तमाम हस्तियों को कार्यक्रम में आने का न्योता मिला है।हालांकि, कांग्रेस के अलावा भी विपक्ष के कई नेताओं ने निमंत्रण को ठुकरा दिया है। कांग्रेस के आधिकारिक एलान के बाद देश की सियासत एक बार फिर गर्म हो गई है। भाजपा ने कांग्रेस को राम विरोधी पार्टी करार देते हुए हमला किया। वहीं, कांग्रेस ने पलटवार कर कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी ने राम मंदिर के अभिषेक समारोह को पूरी तरह से राजनीतिक कार्यक्रम बना दिया है। इसके अलावा जानकारी आई है कि, राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा को राज्य की राजधानी इंफाल के बजाय 14 जनवरी को मणिपुर के थौबल जिले के एक निजी मैदान से हरी झंडी दिखाई जाएगी।


**राम मंदिर के अभिषेक समारोह को राजनीतिक कार्यक्रम बनाया**– कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि राम मंदिर के अभिषेक समारोह को राजनीतिक कार्यक्रम बना दिया है, जो शंकराचार्यों की सलाह लिए बिना और धार्मिक प्रक्रियाओं की अवहेलना करके आयोजित किया जा रहा है। देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी का यह भी कहना है कि धर्म एक व्यक्तिगत मामला है। राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या जाने के लिए हर इंसान स्वतंत्र है। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख



पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि धार्मिक प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए अभिषेक समारोह आयोजित नहीं किया जा रहा है। यह सवाल करते हुए कि क्या समारोह शंकराचार्यों की सलाह पर धार्मिक प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी चार शंकराचार्यों ने कहा है कि 'अधूरे मंदिर' का अभिषेक समारोह नहीं किया जा सकता। खेड़ा ने आगे कहा, 'मैं एक राजनीतिक दल के कार्यकताओं को मेरे और मेरे भगवान के बीच बिचौलिया बनने को क्यों बर्दाश्त करूंगा?' उन्होंने कहा, 'पहला सवाल यह है कि क्या कोई निमंत्रण के बाद भगवान के मंदिर जाता है। चाहे वह मंदिर हो, चर्च हो या मस्जिद हो, क्या हम निमंत्रण का इंतजार करेंगे। कौन तय करेगा कि किस तारीख को और किस वर्ग के लोग जाएंगे? क्या कोई राजनीतिक दल फैसला करेगा?' खेड़ा ने आरोप लगाया कि भाजपा के आईटी सेल ने शंकराचार्यों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। यह कोई धर्म और आस्था नहीं है, यह केवल राजनीति है। उन्होंने कहा, 'हम जानना चाहते हैं कि इसके लिए तारीख कैसे तय की गई। तारीख का चयन नहीं हुआ है, चुनाव देख कर तारीख तय की गई है। उन्होंने कहा, 'एक व्यक्ति के राजनीतिक तमाशे को हम अनुमति नहीं दे सकते। हमारी आस्था और भगवान के साथ किसी को खेलने नहीं देंगे। खेड़ा ने दावा किया कि धार्मिक लोग राम नवमी पर अभिषेक समारोह आयोजित करना चाहते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कोई धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि एक राजनीतिक कार्यक्रम है।

## सरकार ने उठाया सख्त कदम, तहरीक-ए-हुर्रियत और मुस्लिम लीग की संपत्ति जब्त करने का निर्देश

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन को पाकिस्तान परस्त अलगाववादी संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत और मुस्लिम लीग (जम्मू-कश्मीर) की सभी संपत्तियों को जब्त करने का निर्देश दिया है। साथ ही उनके बैंक खाते और वित्तीय लेनदेन को भी फ्रीज किया जाएगा। सरकार ने हाल में दोनों संगठनों को प्रतिबंधित किया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दो अधिसूचनाएं जारी कर मुस्लिम लीग (मसरत आलम गुट) को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम-1967 (यूएपीए) के तहत 27 दिसंबर और तहरीक-ए-हुर्रियत को इसी कानून के तहत 31 दिसंबर 2023 को प्रतिबंधित किया था। जारी अधिसूचना के अनुसार यूएपीए की धाराओं में संपत्ति जब्त करने का कार्य राज्य सरकार करेगी। यूएपीए की धारा 7 गैरकानूनी संगठन द्वारा धन के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करने और धारा 8 गैरकानूनी संगठन द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले स्थानों को अधिसूचित करने से संबंधित है। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में भारत विरोधी दुष्प्रचार करने के लिए तहरीक-ए-हुर्रियत को पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था। संगठन की स्थापना गिलानी ने की थी और मसरत आलम भट उसका उत्तराधिकारी बना। भट भारत विरोधी रुख और पाक परस्ती के लिए भी जाना जाता है और मौजूदा समय में जेल में है।



## संपादकीय

## असली शिवसेना

महाराष्ट्र में असली शिवसेना की दावेदारी के लिये लंबे चले विवाद के बाद विधानसभा स्पीकर ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद बागी विधायकों की अयोग्यता के मामले में फैसला शिंदे गुट के पक्ष में दे दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने साफ किया है कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ही असली कहलवाने का हक रखती है। निस्संदेह, इससे शिंदे सरकार पर मंडरा रहा खतरा फिलहाल टल गया है। हालांकि, उद्धव गुट ने इस फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती देने का भी निर्णय किया है। दरअसल, महाराष्ट्र स्पीकर राहुल नार्वेकर ने दस जनवरी को राजनीतिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील मामले में यह फैसला सुनाया था। हालांकि, शिंदे गुट इस मामले में खुद को पार्टी का असली वारिस बताकर जनता में भावनात्मक संदेश देने का प्रयास कर रहा है। वास्तव में स्पीकर के फैसले के बाद एक ओर जहां शिंदे मंत्रिमंडल के भविष्य को लेकर लगाये जा रहे कयासों पर विराम लगा है, वहीं 21 जून, 2022 में पार्टी विभाजन के बाद उत्पन्न हालात के बीच सोलह बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने तथा व्हिप का उल्लंघन पर कार्रवाई की मांग भी निष्प्रभावी हो गई है। निश्चित रूप से इस फैसले के बाद सरकार में शामिल शिंदे गुट व भाजपा ने राहत की सांस ली होगी। वहीं उद्धव ठाकरे गुट इस दौरान विधानसभा स्पीकर व मुख्यमंत्री की मुलाकात के मद्देनजर निर्णय की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसे में निर्णय का विरोध करने और शीर्ष अदालत जाने की बात से लगता है कि इस विवाद का अभी पूरी तरह पटाक्षेप नहीं हो पाया है। ऐसे में माना जाना चाहिए कि जब आम चुनावों के साथ राज्य में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं तो निर्णायक फैसला जनता की अदालत से ही आएगा। वही तय करेगी कि असली शिवसेना शिंदे गुट की है या उद्धव ठाकरे की। यह भी कि राजनीतिक जोड़तोड़ ज्यादा प्रभावी होता है या जनता का दल के धड़े विशेष से भावनात्मक लगाव। कह सकते हैं कि जनादेश ही असली-नकली का फर्क मिटाएगा। बहरहाल, महाराष्ट्र में शिवसेना के बागी विधायकों के मसले का भले ही तकनीकी रूप से समाधान होता नजर आता हो, लेकिन यह आने वाला वक्त बताएगा कि एक समय महाराष्ट्र की राजनीति व समाज में वर्चस्व रखने वाली शिवसेना का असली वारिस कौन होगा। ऐसे में भले ही उद्धव ठाकरे के हाथ से बाजी निकलती दिखाई दे रही हो, लेकिन यदि ठाकरे इस मुद्दे को भावनात्मक रंग देकर जनता की अदालत में पीड़ित के रूप में गुहार लगाते हैं तो तसवीर में बदलाव भी हो सकता है। विधानसभा स्पीकर ने चुनाव आयोग के फैसले को भी आधार बनाया है, जिसके चलते शिंदे गुट को मान्यता मिली है। जिसके मूल में शिवसेना का संविधान भी रहा है। दरअसल, 1999 में तैयार शिवसेना के संविधान में कहा गया था कि पार्टी प्रमुख का फैसला ही पार्टी का फैसला होगा। जिसके चलते शिंदे गुट को फायदा मिला और उद्धव गुट के हाथों से बाजी निकल गई। हालांकि, विभाजन के दंश से जूझ रही महाराष्ट्र की राजनीति में यही सवाल एनसीपी के विभाजन से भी उठा। जब एनसीपी के विधायकों का एक गुट पार्टी से अलग होकर सरकार में शामिल हो गया। शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट ने पार्टी का खुद को असली दावेदार बताया। साथ ही सरकार में शामिल विधायकों को अयोग्य ठहराने की बात कही। आम चुनाव व विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों में यह गहमागहमी आने वाले दिनों में और तेज होने की उम्मीद है। बहरहाल, राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते पार्टी में विद्रोह व नये राजनीतिक समीकरण बनाना महाराष्ट्र की राजनीति का अभिन्न अंग बन चुका है। शिव सेना विभाजन विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियां राजनीतिक विद्रूपताओं का अक्स उकेर चुकी हैं। वक्त बताएगा कि शिवसेना के किस धड़े को राज्य की जनता का सकारात्मक प्रतिसाद मिलता है। यह भी कि महाराष्ट्र की राजनीति में बड़े खिलाड़ी की भूमिका निभाने वाली भाजपा शिवसेना के परंपरागत वोटों में किस हद तक सेंध लगाने में कामयाब होती है। दरअसल, सबसे पुराने गठबंधन में लंबे समय तक साथ रहे भाजपा व शिवसेना का एजेंडा व दक्षिणमार्गी जनाधार कमोबेश मिलता-जुलता रहा है।

## अलगावादी-आतंकवादी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ भी नहीं दे सकते

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया के साथ बातचीत में भारतीय विदेश नीति और विभिन्न देशों से संबंधों के अहम पहलुओं पर रोशनी डाली। खास तौर पर अमेरिका और कनाडा के साथ संबंधों से जुड़े हिस्से ने अगर लोगों का ध्यान ज्यादा खींचा तो यह बेवजह नहीं है। पिछले कुछ समय में खासकर निज्जर हत्याकांड और कथित पन्नू हत्या साजिश प्रकरण की वजह से तीनों देशों के रिश्तों को मिलाकर देखने का एक ट्रेंड विकसित हो रहा है। इस लिहाज से देखें तो यह बातचीत बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें दो राय नहीं कि कनाडा में हुई खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता की हत्या से यह सारा विवाद शुरू हुआ, जो एक अन्य खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की अमेरिका में रची गई कथित साजिश तक पहुंचा। निज्जर हत्याकांड की जांच पर जोर देने से कई लोग ऐसा मानते हैं कि अमेरिका ने उस मसले पर कनाडा के रुख का समर्थन किया। इसके बाद पन्नू की हत्या की कथित साजिश वाले मामले में भी अमेरिका की यही भूमिका रही। इससे कुछ हलकों में ऐसी धारणा बनी या बनाई गई कि भारत ने कनाडा और अमेरिका के मामलों में अलग-अलग तरह का रवैया अपनाया। हालांकि भारत की अपनी नीति इन दोनों ही मामलों में बिल्कुल स्पष्ट रही है। तथ्य यह है कि कनाडा ने न केवल निज्जर हत्याकांड में बल्कि इससे पहले भी कई मौकों पर द्विपक्षीय संबंधों में गैर-जिम्मेदार रवैया अपनाया है। देश में चला किसान आंदोलन हर लिहाज से अंदरूनी मामला था, लेकिन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो दुनिया के इकलौते पीएम थे जिन्होंने इस मसले पर खुलकर बयानबाजी की। यही नहीं, कनाडा सरकार भारत में अलगाववाद को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों को लंबे समय से अभिव्यक्ति की आजादी की ढाल देती रही है। निज्जर हत्याकांड में जिस तरह कनाडा सरकार ने सार्वजनिक बयानबाजी से ही शुरूआत की और बाद में भी अपने आरोपों को तथ्यों से पुष्ट नहीं किया, उसके एकदम विपरीत अमेरिका ने न केवल सार्वजनिक बयानबाजी से परहेज किया बल्कि भारत के साथ तमाम सूचनाएं और सबूत साझा करते हुए कहा कि उनकी इस मामले में एक राय बन रही है और भारत भी अपनी तरफ से इस मामले को देखे। अमेरिका में उभर रही राय सही है या नहीं, यह तो कोर्ट की प्रक्रिया से तय होगा। लेकिन वहां की सरकार हर कदम पर भारत के हितों को लेकर संवेदनशीलता दिखाती रही है। वहां अलगावादी-आतंकवादी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ भी नहीं दी जा रही। यही वजह है कि इस प्रकरण में उभरी असहमति के बावजूद दोनों देशों के रिश्ते न केवल अच्छे बने हुए हैं बल्कि इनमें सुधार की प्रक्रिया भी जारी है। जाहिर है, परस्पर विश्वास और आपसी हितों के प्रति सम्मान सुनिश्चित करके ही रिश्तों को ऊंचाई दी जा सकती है।

# राजस्थान में पहली ही हार से भजन लाल शर्मा सरकार को तगड़ा झटका लग गया है

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले की श्री करनपुर विधानसभा सीट पर संपन्न हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रूपिंदर सिंह कुन्नर ने भाजपा प्रत्याशी व राजस्थान सरकार में मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को 11261 वोटों के अंतर से हरा दिया। सुरेंद्रपाल सिंह टीटी की हार से भाजपा की किरकिरी हुई है। भाजपा ने उपचुनाव के दौरान अपने प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को चुनाव जितवाने के लिए चुनावी प्रक्रिया के दौरान ही मंत्री तक बना दिया था। मगर इसके बावजूद भी वह चुनाव में पराजित हो गए। देश में इस तरह कि यह पहली घटना है। जब चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रत्याशी को मंत्री बनाया गया था। चुनावी प्रक्रिया के दौरान टीटी को मंत्री बनाने को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग तक शिकायत भी की थी। मगर भाजपा ने किसी भी आरोप की परवाह ना करते हुए टीटी को मंत्री पद की शपथ दिलवा दी थी।

राजस्थान में भाजपा की सरकार बने अभी एक महीना भी नहीं हुआ है। उससे पहले ही सरकार को उपचुनाव में बड़ा झटका लगा है। उपचुनाव में हुई हार का असर अगले लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है। उपचुनाव की जीत से जहां कांग्रेस पार्टी के नेताओं का मनोबल मजबूत हुआ है जिससे लोकसभा चुनाव में वह और अधिक एकजुटता से चुनाव लड़ने का प्रयास करेंगे। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां से विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर को अपना प्रत्याशी बनाया था। मगर मतदान से पूर्व ही उनकी मृत्यु होने से चुनाव स्थगित हो गया था। कांग्रेस ने मतदाताओं की सहानुभूति लेने के लिए अपने मृतक विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के पुत्र रूपिंदर सिंह कुन्नर को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा था। कांग्रेस का यह दांव सफल रहा और उनका प्रत्याशी चुनाव जीत गया।

श्री गंगानगर लोकसभा क्षेत्र में वैसे भी विधानसभा चुनाव में भाजपा इस बार काफी कमजोर रही है। क्षेत्र की आठ में से भाजपा सिर्फ दो सीट सादुलशहर व श्रीगंगानगर ही जीत पाई है। पांच सीटों पर श्रीकरणपुर, सूरतगढ़, रायसिंह नगर, संगरिया, पीलीबंगा में कांग्रेस व हनुमानगढ़ सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी विजय हुआ है। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से 94340 वोट अधिक मिले हैं। भाजपा प्रत्याशियों को पांच लाख 94 हजार 651 वोट व कांग्रेस प्रत्याशियों को छः लाख 88 हजार 991 वोट मिले हैं। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी निहालचंद मेघवाल 406978 वोटो से जीते थे। 2019 के चुनाव में भाजपा के निहालचंद मेघवाल को 897177 वोट व कांग्रेस के भरतलाल मेघवाल को 490199 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव से 2023 के विधानसभा चुनाव तक जहां भाजपा कमजोर हुई है वहीं कांग्रेस मजबूत बनकर उभरी है। मौजूदा सांसद निहालचंद के खुद के विधानसभा क्षेत्र रायसिंह नगर में भी कांग्रेस के सोहनलाल नायक ने भाजपा के बलवीर सिंह लूथरा को 14025 वोटों से हरा दिया। जबकि रायसिंह नगर सीट पर मौजूदा सांसद



निहालचंद के दादा बेगाराम 1972 में, खुद निहालचंद मेघवाल 1998 में, उनके छोटे भाई लालचंद मेघवाल 2003 में विधायक रह चुके हैं। अपने खुद के विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी को नहीं जितवा पाने से पांच बार के भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद मेघवाल की स्थिति कमजोर हुई है। 2023 के विधानसभा चुनाव में श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र में जिस तरह से कांग्रेस ने बढ़त बनाई है। उसको देखते हुए लगता है कि अगले लोकसभा चुनाव में भी यहां से कांग्रेस का प्रत्याशी ही चुनाव जीत जाएगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल के साथ भी सिर मुंडाते ही ओले पड़ने वाली कहावत चरितार्थ हो गई है। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को स्वतंत्र प्रभार का राज्य मंत्री भी बना दिया था। मगर उनका यह दांव भी फेल हो गया और श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने सहानुभूति लहर पर सवार कांग्रेस के रूपिंदर सिंह कुन्नर को जीतकर यह दिखा दिया है कि वह किसी भी लालच में आने वाले नहीं हैं।

विधानसभा उपचुनाव में मिली हार के बाद हाशिये पर धकेल दी गई पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी एक बार फिर मुखर होकर अपने समर्थकों को लामबंद कर सकती हैं। हाल ही में पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीन दिन तक जयपुर में रहने के बावजूद वसुंधरा राजे ने उनसे एक बार भी मिलना उचित नहीं समझा। इससे लगता है कि उनके मन में आज भी मुख्यमंत्री नहीं बन पाने की टीस है। मंत्रिमंडल गठन में भी उनके समर्थक कई वरिष्ठ विधायकों की भी उपेक्षा की गई है। हालांकि विधानसभा उपचुनाव में हारने के बाद मंत्री बनाए गए सुरेंद्र पाल सिंह टीटी का मंत्री पद से इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। चुनाव के दौरान जिस तरह से घटनाक्रम चला है उसको देखकर तो यही लगता है कि भाजपा सरकार को अभी जमने में समय लगेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपने मंत्रिमंडल में शामिल सभी मंत्रियों को प्रदेश के अलग-अलग जिलों में भेज कर आमजन की समस्याओं का समाधान करवाना होगा। अब तक सरकार के मंत्री अधिकांशतः जयपुर स्थित सचिवालय में ही बैठते रहे हैं। मगर मुख्यमंत्री को इस परंपरा को बदलकर गांव के अंतिम छोर पर बसे गरीब की सुध लेने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा तभी लोगों को प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का एहसास होगा। मंत्रियों के फील्ड में रहने से आमजन की समस्याओं का भी तेजी से समाधान होगा इसके साथ ही सरकारी ब्यूरोक्रेसी भी सक्रिय होकर काम करेगी।

राजनीति में हार जीत होती रहती है और एक उपचुनाव की हार से सरकार को निराश होने की जरूरत नहीं है। जब सरकार संवेदनशीलता से काम करेगी तो प्रदेश की जनता के दिलों पर राज भी करेगी। मंत्रिमंडल में अभी 6 पद रिक्त हैं। जिन पर भी मंत्रियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। जिससे सरकार और अधिक बड़े स्वरूप में काम कर सके। आगामी लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार की बड़ी परीक्षा होगी। उसमें वह कितना सफल होते हैं। इस पर उनकी सरकार का भविष्य टिका है।

# भारत के बैंकिंग, बीमा क्षेत्र और शेयर बाजार को प्रभावित करने का प्रयास कर रहीं हैं विदेशी कंपनियां

**प्रह्लाद सबनानी**

भारत की आर्थिक प्रगति कुछ विघन संतोषी देशों, विशेष रूप से चीन एवं पाकिस्तान, को रास नहीं आ रही है। हालांकि भारत के कुछ मित्र बने देश भी कभी कभी भारत विरोधी इस मुहिम में शामिल पाए जाते हैं। कुल मिलाकर वैश्विक बाजार शक्तियां आज सक्रिय हो चुकी हैं जो भारत की आर्थिक प्रगति को प्रभावित करने का भरपूर प्रयास कर रही हैं। भारत के सामाजिक ताने बाने को छिन्न भिन्न करने के साथ-साथ भारत की सांस्कृतिक एकता पर भी प्रहार करने के प्रयास इन शक्तियों द्वारा किए जा रहे हैं, ताकि भारत की सामाजिक समरसता में छेद करते हुए भारत को आर्थिक क्षेत्र के साथ ही राजनैतिक रूप से भी अस्थिर किया जा सके।

उक्त वर्णित परिस्थितियों के बीच भी चीन जैसे देशों की कुछ कम्पनियां एवं वैश्विक बाजार शक्तियां भारतीय बैंकिंग प्रणाली, बीमा प्रणाली एवं शेयर बाजार को भी प्रभावित करने के प्रयास करती रहती हैं। हाल ही में चीन की वीवो नामक एक कम्पनी ने भारत से भारी भरकम राशि को अनुचित तरीके से चीन के अपने प्रधान कार्यालय को हस्तांतरित किया है। इस भारी भरकम राशि पर टैक्स अदा न करते हुए मनी लॉन्डरिंग के माध्यम से उक्त राशि हस्तांतरित की गई है। इसकी कार्य प्रणाली को निम्न प्रकार बताया गया है।

चीन की वीवो नामक एक कम्पनी जो स्मार्ट फोन का निर्माण करती है, उसने अपने कुल टर्नओवर का 50 प्रतिशत अर्थात 62,476 करोड़ रुपए की राशि को अवैध तरीके से चीन में अपने प्रधान कार्यालय को हस्तांतरित कर दिया है। इस कम्पनी द्वारा इस राशि पर भारतीय नियमों के अनुसार टैक्स का अपवंचन करते हुए टैक्स की राशि अदा नहीं की गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस भारी भरकम राशि के गबन की विस्तार से जांच प्रारम्भ कर दी है एवं इस कम्पनी के कुछ मुख्य अधिकारियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने कम्पनी के 119 खातों को ब्लाक कर दिया है, इन खातों में 495 करोड़ रुपए की राशि जमा है। वीवो कम्पनी ने भारत में 23 सहायक कम्पनियों की स्थापना की है। वीवो कम्पनी का मत है कि चूंकि उसकी कुछ सहायक कम्पनियां हानि दर्शा रही थीं अतः इन कम्पनियों द्वारा दर्शाई जा रही हानि के विरुद्ध वीवो कम्पनी के लाभ का समायोजन करते हुए टैक्स अदा नहीं किया गया है। जबकि इन सहायक कम्पनियों की स्थापना में भी कई प्रकार की गड़बड़ियाँ पाई गईं हैं। विदेशी ताकतों द्वारा, इस प्रकार, भारत में व्यापार करते हुए कमाए गए लाभ पर देश के कानून के अनुसार, कर अदा न किया जाकर भारत के आर्थिक हितों को चोट पहुंचाई जा रही है। इसी प्रकार, अप्रैल 2023 माह में भी प्रवर्तन निदेशालय ने चीन



की ही शाओमी नामक एक अन्य कम्पनी की 5,551 करोड़ रुपए की राशि को जब्त करने सम्बंधी कार्यवाही की थी, क्योंकि इस कम्पनी ने विदेशी विनिमय से सम्बंधित नियमों का उचित तरीके से पालन नहीं किया था। भारत में 45 विदेशी बैंक कार्यरत हैं, जबकि सरकारी क्षेत्र, निजी क्षेत्र के बैंकों, भुगतान बैंक एवं छोटे वित्त बैंकों की संख्या 137 है। परंतु, विदेशी बैंकों के भारत के समस्त बैंकों की कुल जमाराशि में केवल लगभग 5 प्रतिशत का योगदान है और भारत के समस्त बैकों की कुल ऋणराशि में केवल 3.8 प्रतिशत का योगदान है। भारत के सरकारी क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र के बैंकों से विदेशी बैंक प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की सजगता के कारण विदेशी बैंकों को भारत में लागू कड़े नियमों का पालन करते हुए अपना बैंकिंग व्यवसाय करना होता है, जो इन बैंकों को शायद रास नहीं आता है। इसके परिणामस्वरूप एवं अपने व्यवसाय को विस्तार देने में असफल रहने के कारण, वर्ष 2022-23 में सिटी बैंक अपने कंजूमर बैंकिंग व्यवसाय को भारतीय एक्सिस बैंक को बेचने को मजबूर हुई थी। वर्ष 2021 में साऊथ अफ्रीका की बैंक फर्स्ट रांड ने भारत में अपने व्यवसाय को बंद कर दिया था तथा वर्ष 2016 में रॉयल बैंक आफ स्कॉटलैंड ने भी भारत में अपने व्यवसाय को बंद कर दिया था। वर्ष 2015-16 में एचएसबीसी ने भारत में अपनी कई शाखाओं को बंद कर दिया था। वर्ष 2012 में ब्रिटेन की एक बैंक बार्कलेस ने अपने रिटेल व्यवसाय को भारत में समाप्त कर दिया था। दरअसल आज भारत का बैंकिंग, बीमा एवं शेयर बाजार क्षेत्र बहुत मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि इन तीनों क्षेत्रों में क्रमशः भारतीय बैंकिंग संस्थानों, भारतीय बीमा संस्थानों एवं भारतीय निवेशकों का बोलबाला है। विदेशी संस्थागत निवेशक यदि भारत के शेयर बाजार से विदेशी निवेश निकालते भी हैं तो भारतीय शेयर बाजार पर विपरीत प्रभाव लगभग नहीं के बराबर होता दिखाई देता है क्योंकि भारतीय संस्थागत निवेशक एवं विभिन्न भारतीय म्यूचूअल फंड विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से निकाली गई राशि की भरपाई तुरंत शेयर बाजार में अपना निवेश बढ़ाकर कर ली जाती हैं। वरना, वैश्विक बाजार शक्तियां भारतीय शेयर बाजार को प्रभावित कर इसे नीचे गिराने के कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। इसी प्रकार, बैंकिंग के क्षेत्र में भी आज भारत के सरकारी क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी 95 प्रतिशत से अधिक है एवं बीमा के क्षेत्र में भारत के सरकारी क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र के बीमा कम्पनियों की हिस्सेदारी लगभग 90 प्रतिशत है। दूसरे, भारत ने विदेशी कम्पनियों की भारतीय बैंकिंग कम्पनियों में हिस्सेदारी को 24 प्रतिशत तक सीमित किया हुआ है, हालांकि, भारतीय बीमा कम्पनियों में, विदेशी कम्पनियां 74 प्रतिशत तक का विदेशी निवेश कर सकती है। तीसरे, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विभिन्न वित्तीय संस्थानों से निगमित अभिशासन सम्बंधी नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाना भी विदेशी बैंकों एवं बीमा कम्पनियों पर लगाम लगाने में अपनी प्रभावी भूमिका अदा करता है। चीन जैसे देशों सहित वैश्विक बाजार शक्तियां भारत के वित्तीय क्षेत्र को अस्थिर करने के प्रयास तो लगातार करती तो हैं परंतु भारतीय बैंकिंग, बीमा एवं शेयर बाजार के नियामक संस्थानों की सजगता के चलते विदेशी वित्तीय संस्थानों सहित वैश्विक बाजार शक्तियां इन तीनों ही क्षेत्रों को प्रभावित करने में असफल ही रही हैं।

# वाराणसी में हिन्दू राष्ट्र-जागृति जनसभा में प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट निरस्त करने की मांग !

### श्रीरामनिंदकों पर कठोर कानूनी कार्रवाई हेतु श्रीरामनिंदाविरोधी कानून बने ! - श्रीराम भक्तों की प्रखर मांग

प्रखर वाराणसी। प्रभु श्रीराम, श्रीराम मंदिर, श्रीरामचरितमानस आदि श्रद्धास्थानों का निरंतर हो रहा अपमान रोकने हेतु तत्काल रामनिंदाविरोधी कानून बनाया जाए, साथ ही अयोध्या में निर्माण हो रहे भव्य श्रीराम मंदिर की भांति देश के काशी, मथुरा, भोजशाला, कुतुबमीनार आदि असंख्य हिन्दू धार्मिक स्थलों को प्राप्त करने में आ रही बाधा दूर करने हेतु प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट तत्काल निरस्त किया जाए, ऐसी मांग यहां के शास्त्री घाट पर हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित हिन्दू राष्ट्र-जागृति जनसभा में की गई। जनसभा के अंत में यहां के जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथजी, माननीय गृहमंत्री तथा माननीय कानून एवं न्याय मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया । इस समय वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री. अजीत सिंह बग्गा, श्री. शीत लाल (आनंद), कोषाध्यक्ष जया केसरी, चमाव के पूर्व प्रधान जयप्रकाश सिंह,सर्व वैश्य जागृत महासभा के श्री. सुनील गुप्ता, अखिल भारतीय सनातन समिति के अध्यक्ष डॉ. अजय जायसवाल,




श्रृंगार गौरी की वादिनी श्रीमती सीता साहू, संस्कृति रक्षा मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री. रवि श्रीवास्तव, शिवपुरी ब्राह्मण समाज श्री. राकेश चंद्र पाठक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अधिवक्ता रजनीश अग्रवाल, महावीर सेना के श्री. अरविंद गुप्ता, एकल विद्यालय इंडिया फाउंडेशन श्री. राजेश सिंह, हिन्द मजदूर किसान समिति श्री. राजेश कुमार, पूर्वांचल महिला व्यापार मंडल कार्यवाहक अध्यक्ष श्रीमती सुप्रिया भट्टाचार्य सेठ एवं संयुक्त महामंत्री श्रीमती डॉली चक्रवर्ती, प्रदेश महामंत्री श्रीमती चांदनी श्रीवास्तव एवं संयुक्त महामंत्री श्रीमती निर्मला देवी, वाराणसी चौरसिया व्यापार मंडल के श्री. कैलाश नाथ चौरसिया, श्री. सुनील चौरसिया, काशी व्यापार मंडल के श्री. एस. एम बहल, हिन्दू जनजागृति समिति के उत्तर एवं पूर्वोत्तर भारत के मार्गदर्शक संत सद्गुरु श्री निलेश सिंगबाळ, श्री. राजन केशरी तथा अन्य उपस्थित थे।

प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 के काले कानून के कारण वर्ष 1947 से पूर्व हिन्दू मंदिरों पर किसी ने अतिक्रमण किया हो, तो उसके लिए किसी भी प्रकार का अभियोग अथवा अपील न्यायालय में नहीं किया जा सकता । ऐसा कानून संविधान विरोधी है । इसके विपरीत वक्फ बोर्ड को किसी भी भूमि, संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने का पाशविक अधिकार दिया गया है। एक प्रकार से मुसलमानों को फायदा और हिन्दुओं को कायदा ऐसे धार्मिक पक्षपात करनेवाले कानून तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए थे । इन कानूनों को केंद्र की मोदी सरकार निरस्त करे ऐसी मांग की गयी । 'प्रभु श्रीराम मांसाहार करते थे , ऐसे आपत्तिजनक और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले कई वक्तव्य महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, तमिलनाडु राज्य समेत देशभर लगातार दिए जा रहे हैं । सिर्फ भगवान राम की ही नहीं बल्कि धार्मिक ग्रंथ श्रीरामचरितमानस को जलाने की कृत्य हो रहे हैं । श्रीराम मंदिर के स्थान पर पुनः बाबरी निर्माण के सपने ओवैसी द्वारा मुसलमानों को दिखाए जा रहे हैं । भगवान श्रीराम भारत के आराध्य देव हैं । जब श्रीराम मंदिर में श्रीराम विराजमान हो रहे हैं, तब समाज में कोई भगवान श्रीराम का अपमान करने की हिम्मत न कर सके, यह देखना प्रत्येक का कर्तव्य है । हालांकि इस कानून का नाम रामनिंदा है, लेकिन इसमें किसी भी देवता के विषय में अपमान न हो ऐसा प्रावधान किया जाए यह अनुरोध जनसभा के माध्यम से किया गया ।

# धर्म ध्वजा दिखाकर स्वामी भवानीनंदन यति जी ने भारत अभ्युदय श्रीराम रथ यात्रा को सिद्धपीठ से किया रवाना



प्रखर डेस्क/गाजीपुर। हिन्दू समाज की दृढ़ता और जबरदस्त इच्छाशक्ति के परिणाम स्वरुप पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा तथा बीस पच्चीस पीढियों के संघर्ष के उपरांत यह शुभ दिन आया है। स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के शुभ अवसर पर पूज्य स्वामी भवानी नंदन यति जी महाराज धर्म ध्वज दिखाकर भारत अभ्युदय श्रीराम रथ यात्रा को राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क आभियान संचालन समिति के सचिव डॉ.सन्तोष यादव के नेतृत्व में रवाना किया।बाबर ने तलवार के दम पर जिस आस्था का ध्वंस चाहा था,वह पांच सौ वर्षों बाद जन आस्था की शक्ति से राम लला की प्राणप्रतिष्ठा द्वारा पुनः स्थापित हो रही है।लोकमंगल, जनमत सुशासन, सुव्यवस्था, स्वतन्त्रता, समानता, न्याय, बंधुत्व की जड़ें रामराज्य से निकलती हैं।राम राष्ट्र हैं और माता सीता राष्ट्र की संस्कृति हैं।विश्व संस्कृति में फैले रामतत्त्व तक मनुष्य के लिए जो भी सर्वोत्तम है वह राम है। राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा भारत में रामराज्य की स्थापना एवम् विश्व गुरू बनने का प्रस्थान विन्दु है। रामराज्य की स्थापना से आशय है विकसित भारत बनाना, समर्थ भारत बनाना। उक्त बातें रथ को रवाना करते समय जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी भवानीनंदन यति ने कही।इस अवसर पर संघ के जिला कार्यवाह सत्येन्द्र जी, नगर प्रचार मंगल जी, सह विभाग कार्यवाह डॉ नागेन्द्र सिंह, अशोक चौहान, श्रीराम जायसवाल, सह जिलाकार्यवाह दुर्गा, पी जी कालेज भुड़कुड़ा के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार मिश्र आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# प्रशासन की नही नजर बाजारों में बिक रहा खतरनाक चाइनीज मंझा



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मकर संक्रांति पर्व के नजदीक आते ही बाजारों में चाइनीज डोर की बहार आ गई है। चाइनीज डोर की बाजारों में खुलेआम बिक्री की जा रही है। आमजन के साथ पशु-पक्षियों के लिए खतरनाक इस डोर को बेचने वाले के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्ती नहीं किए जाने के कारण बैखोफ होकर डोर को बेच रहे हैं। बता दें कि मकर संक्रांति पर्व के नजदीक आते ही बाजारों में पंतगों का बाजार सज जाता है। इस बार भी त्योहार के नजदीक आते ही पतंगों का बाजार सज गया है। जिसमें दुकानदार हर बार की तरह चाइनीज मांझा यानी खतरनाक प्लास्टिक डोर की बिक्री के लिए दुकानों में बैठ गए हैं। यह डोर न केवल आमजन के लिए बल्कि पक्षियों के लिए खूनी डोर साबित हो रही है क्योंकि इस डोर की चपेट में आने से हर वर्ष अनेक पक्षी घायल हो जाते हैं तो अनेक लोगों के हाथों, गर्दन या गालों पर निशान छोड़ जाती है। इसको लेकर लोग अनेक बार प्रशासन से इस डोर पर बैन लगाने की मांग कर चुके है लेकिन प्रशासन ने अभी तक चाइनीज मांझा की बिक्री को लेकर कोई सख्त कदम नहीं उठाया है। यही कारण है दुकानदार बेखौफ होकर इसकी बिक्री कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### देवकली विकास खण्ड में लगा रोजगार मेला, 628 अभ्यर्थियों में 223 का हुआ अन्तिम राउंड के लिए चयन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत कौशल विकास मिशन, गाजीपुर एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजीपुर के संयुक्त तत्वाधान में रामशंकर बालगोपाल शिक्षण संस्थान, मउपारा, देवकली, गाजीपुर परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कम्पनियाँ एडको, क्वैस कार्पोरेशन, रोहित हाईब्रीड सीड्स प्रा0लि0, रौजा गाजीपुर जॉब सीकर्स स्टाप द्वारा डिक्सन, पैजेट, मिकुनी हेतु चयन सहित कुल 10 कम्पनियों द्वारा ट्रेनी, फील्ड आफीसर, मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, फीटर, कम्प्यूटर आपरेटर, इलेक्ट्रानिक मैनूफक्चैरिंग, हेल्पर आदि पदों पर चयन किया गया। मेले में लगभग 628 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 223 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड हेतु चयन किया गया। भारत के कार्यबल को कुशल बनाकर अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने हेतु भारत सरकार के स्किल इण्डिया मिशन के तहत स्किल इण्डिया इंटरनेशल सेन्टर, वाराणसी द्वारा उक्त संस्थान परिसर में प्री-काउंसिलिंग की गयी। जिसमें इजराइल, दुबई, अबुधाबी, शारजाह, सऊदी अरब देशों में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, हेल्पर, क्लीनर, माली, ए.सी. टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, कुक, वेटर, मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैन, मेसन, ड्राइवर इत्यादि जॉब रोल्स के लिए प्री-काउंसलिंग में लगभग 189 अभ्यर्थियों का एसआईआईसी वाराणसी टीम द्वारा काउंसलिंग की गयी जिसमें से 15 अभ्यर्थी विदेशों में रोजगार पाने हेतु योग्य पाये गये जिसमें से 15 अभ्यर्थी पासपोर्टधारी है। इन सभी योग्य अभ्यर्थियों को अन्तिम चयन हेतु एसआईआईसी, वाराणसी सेन्टर पर काल किया जायेगा।

### मुख्तार के करीबी फरार चल रहे रेयाज अंसारी के घर चिपका वारंट




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। दो महीने से फरार चल रहे माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के सहयोगी बहादुरगंज के चेयरमैन रेयाज अंसारी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही नहीं। बताते चलें कि दबंगई के बल पर जमीन पर कब्जा करने के मामले में रेयाज अंसारी तथा उनकी पत्नी नुखत परवीन और उनका साला कमाल अहमद पर दर्ज मुकदमे में न्यायलय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। मा0 न्यायालय के आदेश पर बहादुरगंज के चौकी प्रभारी आशुतोष शुक्ला व हमराहियो ने रेयाज अंसारी और इनके सेल कमाल अहमद के घर गैर जमानती वारंट चस्पा की ।

### स्वामी विवेकानंद का पूरा जीवन युवाओ के लिए प्रेरणा श्रोत है : प्रो0 एस डी सिंह परिहार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार को स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य नियन्ता प्रोफे० एस० डी० सिंह परिहार ने अपने विचार व्यक्त किये। उन्होनें बताया कि आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद का पूरा जीवन युवाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है, उन्होंने न सिर्फ अपने भाषणों से बल्कि? अपने पूरे जीवन काल में जैसे उद्धरण प्रस्तुत किए वो दुनिया को सि?खाने वाले हैं। उनके काम और विचार युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। युवाओं की विचारधारा और जीवन को सही दिशा देने के उद्देश्य से 1985 में भारत सरकार ने स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की थी। इस साल की थीम है, 'इंट्स ऑल इन द माइंड' यानी जो भी है सबकुछ आपके दिमाग में है। अगर आप जीवन में सफल होने के लिए दिमाग में कोई टारगेट बना लेते हैं और उसे पाने की हर संभव कोशिश करते हैं तो आपको कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता. इस अवसर पर स्वयं सेवक प्रशांत कुमार राय ने भाषण दिया और स्वयं सेविका संगीता ने स्वामी विवेकानंद जी का चित्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एन० एस० एस० कार्यक्रम अधिकारी डा० शिव शंकर यादव, डा० रुचि मूर्ति सिंह, डा० त्रिनाथ मिश्र एवं श्री धर्मेन्द्र और सहायक कर्मचारी श्री नीरज सिंह उपस्थित रहे।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर विद्यार्थी परिषद ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजीपुर जिले के कार्यकताओं ने 12 जनवरी को होम्योपैथिक कॉलेज रौजा और राजकीय महिला डिग्री कॉलेज महुआबाग में एनएसएस और सेवार्थ विधार्थी के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित किया। राजकीय होम्योपैथिक कॉलेज में डॉ पूजा श्रीवास्तव ने स्वामी जी के विचारों पर प्रकाश डाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुबोधकांत तिवारी जी कहा कि परिषद हमेशा से राष्ट्र चिंतन में कार्य करता है और समाज को एक दिशा देने का कार्य करता है। विभाग संयोजक प्रशांत जी ने कहा की विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलकर 1949 से विद्यार्थी और समाज के लिए काम करता रहा है स्वामी विवेकानंद जी ने भारतवर्ष का शिकागो में नेतृत्व किया और भारत को विश्व पटल पर युवाओं का देश कहलाने का काम किया। होम्योपैथिक कॉलेज में संचालन कर रहे हैं ईशान पॉल ने कहा विद्यार्थी परिषद जब-जब भारत पर संकट आता है उसके कार्यकर्ता अपने प्राणों की चिंता किए बगैर समाज के लिए कार्य करने निकल पड़ते हैं और निरंतर सेवा कार्य करते रहते हैं। राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रमुख डॉक्टर रवि शेखर सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर विषय रखा उन्होंने कहा विवेकानंद जी 22 वर्ष की अवस्था में देश को पहचान दिलाने के लिए निकल पड़े और अंततः 30 वर्ष की अवस्था में शिकागो सम्मेलन में देश को एक विशेष स्थान दिलाने के लिए कार्य किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कॉलेज की प्राचार्य डॉ सबिता भारद्वाज ने विद्यार्थी परिषद के कार्य को सराहना करते हुए उन्होंने कहा सेवार्थ विद्यार्थी समाज में सेवा बस्ती के लिए कार्य करते आ रहा है आगे भी करता रहेगा ऐसी हमें सेवार्थ विद्यार्थियों से अपेक्षा है। उक्त अवसर पर अवसर पर अंकित अग्रहरि विपुल शिवांशु शुक्ला आदर्श शर्मा अमन डॉ आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में हुआ गोदभराई तथा अन्नप्रासन, मानव श्रृंखला बनाकर लिया संकल्प

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर क्षेत्र के आमघाट स्थित महात्मा गांधी पार्क में आज शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार का प्रयास है कि जन जन के समृद्धि और सम्मान के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को प्राथमिकता से मिले, कोई वंचित पात्र छुट न जाए यज्ञ हमारे विकसित भारत के सपनों और संकल्पों के लिए बहुत जरूरी है।और यह भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के सरकार की भावनाओं का केंद्र है। उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मूल मंत्र समाज का अंतिम व्यक्ति समाज की मुख्य धारा से जुड़े को सरकार साकार कर रही है। नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के कमजोर,बेबस, लाचार को मिले इसका प्रयास सरकार द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के गारंटी वाली गाड़ी आम जनमानस के जीवन में मूलचूक परिवर्तन और समृद्धि के लिए जगह जगह पहुंच रही है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसी सख्शियत और मजबूत नेतृत्व के कारण आज देश बुनियादी समस्याओं से उपर उठकर विश्व के बड़े देशों से लगातार आगे बढ रहा है। कार्यक्रम में पात्र लोगों को सूचीबद्ध किया गया। इस अवसर पर



गोदभराई तथा अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विवेकानंद जी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बर्चुवल संवाद कार्यक्रम को एलईडी टीवी के माध्यम से सुना गया। उसके उपरांत आज युवा दिवस अवसर पर मानव श्रृंखला बनाकर एकता और अखंडता के साथ विकसित भारत का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में लोकसभा विस्तारक रवि प्रकाश, जिला मंत्री सुरेश बिंद,रासबिहारी राय, सोमेश मोहन राय, सनी चौरसिया, अजय कुशवाहा, हेमंत त्रिपाठी, राजकुमार सिंह, साधना राय एवं अन्य सभासद और भाजपा के नगर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता एवं संचालन अभिनव सिंह छोटू ने किया।

# युवा जोश, युवा सोच किसी भी देश की ताकत होती है : चंद्र सेन तिवारी



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के अंतर्गत सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने स्वामी विवेकानंद जी की तश्वीर पर माल्यार्पण एवम् दीप प्रज्वलित करने के पश्चात अपना आशीर्वाद देते हुए बच्चों को बताया कि युवा जोश, युवा सोच किसी भी देश की ताकत होती है। कोई भी देश तभी तरक्की कर सकता है जब उसकी वह शक्ति मजबूत हो। उन्होंने गाजीपुर की धरती को भी स्वामी विवेकानंद के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जब स्वामी विवेकानंद जी 1893 में शिकागो गए थे तो जाने से पहले गाजीपुर की धरती पर पूज्य पवहारी बाबा के आश्रम आए थे और उनका आशीर्वाद लेकर शिकागो धर्म सम्मेलन में सम्मिलित हुए थे । वहीं से उनको पूरे विश्व में प्रसिद्धि मिली थी। साथ ही उन्होंने विकसित भारत 2047 पर चर्चा करते हुए बताया कि अगर भारत देश को विकसित देश बनाना है तो हमें एक बार फिर युवा शक्ति का साथ चाहिए पूरे जोश और संगठन के साथ, तभी हमारा देश आने वाले समय में विकसित ही नहीं बल्कि विश्व गुरु होगा। इसके बाद हिंदी अध्यापक अवनीश राय ने युवा दिवस पर अपना आशीर्वाद देते हुए बताया कि पूरे विश्व में भारत एक ऐसा देश है जहां युवा शक्ति सबसे ज्यादा है अगर यह शक्ति शक्ति न होकर एक शक्तिपुंज बन जाए तो हमारा देश बहुत ही जल्द उसे मुकाम को हासिल करेगा जो हमारे प्रधानमंत्री जी का सपना है और हमारा देश फिर से पूरे विश्व में शांति, सहयोग की स्थापना करेगा।

# विकसित भारत यात्रा का जिला पंचायत अध्यक्ष व जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम विकास खण्ड मनिहारी के ग्राम पंचायत बरहट में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत सपना सिंह की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। भारत को विकसित बनाने की दिशा में विकसित भारत संकल्प यात्रा एक महत्वपूर्ण कड़ी है। मुख्य अतिथि सपना सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस देश के विकास और सम्मान के लिए लगातार काम करते हुए, विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए जन भागीदारी का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के प्रति संकल्पित प्रतिबद्धताओं का पालन सिर्फ देश को विकसित ही नहीं, बल्कि समाज को आर्थिक और सामाजिक रूप से समृद्ध तथा मानवता, भाई चारा को भी मजबूत करेगा। निवर्तमान जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के गरीब और कमजोर पात्र लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त प्राप्त हो सरकार ने इसका प्रयास किया है। देश के गरीब, युवा, महिलाएं एवं किसानों को केन्द्रित विभिन्न योजनाएं समाज के हर व्यक्ति के लिए संजीवनी स्वरूप सिद्ध हुई है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कार्यक्रम के दौरान अपना सम्बोधन व्यक्त कर उपस्थित लोगो से आग्रह करते हुए कहा कि केन्द व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ यथा अयुष्मान कार्ड, आवास, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीकृत कराकर लाभ प्राप्त कर सकते है। उन्होने कहा कि यह लाभ प्राप्त करने का एक अच्छा अवसर है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न विभागो के स्टाल लगाये गये जिसमें अधिक से अधिक लोगो को सरकार की महत्वूर्ण योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हे लाभ दिया गया। जिसमें ऑन-स्पॉट सेवाओं के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर पीएम उज्ज्वला नया नामांकन और बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, पीएम किसान योजना में नया पंजीकरण, ई के0वाई0सी0, मेरा भारत स्वयं सेवक नामांकन की सुविधाओं से ग्रामवासियों को आच्छादित किया गया।

## जेल में पुस्तिका की जांच के लिए कमेटी गठित

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जिला जेल में मिली उत्तर पुस्तिका की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी गयी है। विश्वविद्यालय की इस कार्रवाई ने जिलाधिकारी और एसपी द्वारा जेल के औचक निरीक्षण के बाद जारी खबर को सवालो के कटघरे में खड़ा करने का भी काम कर रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सम्बन्धित महाविद्यालय को पत्र जारी करते हुए रिपोर्ट मांगी है। बुधवार को विश्वविद्यालय के स्टोर रूम और संबंधित एजेंसी में भी इस खबर से हलचल तेज रही। दिन भर चर्चा होती रही कि आखिर उत्तर पुस्तिका जिला कारागार में कैसे पहुंची। स्टोर रूम के जिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारी कॉपियों को बिना गिने महाविद्यालय को दे देते हैं। इसकी भी चर्चा रही। परीक्षा के बाद कितनी कॉपियां संबंधित महाविद्यालय के पास बची हैं, इसका कोई भी लेखा-जोखा विश्वविद्यालय के पास नहीं होता है। यह भी कयास लगने लगा है कि तमाम ऐसी कॉपियां कई जगहों पर गई होंगी।

## स्वामी सहजानंद पीजी कालेज में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इसी कड़ी में एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें शिक्षकों ने स्वामी जी के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो0 वी के राय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के राष्ट्रीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अग्रदूत थे। विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी जी ने भारतीय धर्म-साधना, आध्यात्मिकता और उदात्त राष्ट्रीय-सांस्कृतिक मूल्यों को वैश्विक पटल पर रखकर देश की गरिमा बढ़ाई। विश्वविद्यालय कला संकाय के डीन प्रो0 अवधेश नारायण राय ने कहा कि स्वामीजी के दृष्टिकोण में दर्शन, अध्यात्म और विज्ञान का मणिकांचन संयोग था जो देश की समृद्धि और सर्वांगीण प्रगति व अभिनव भारत निर्माण में सदैव से ही मार्गदर्शक रहा है। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. अजय राय ने अपने वक्तव्य में स्वामीजी को युवा हृदय की धड़कन, उत्कट कर्मयोगी और सुधारवादी चेतना के असीम प्रेरणापुंज के रूप में व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन कृष्णानन्द चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में डॉ0 विलोक सिंह, डॉ0 कंचन सिंह, डॉ0 निवेदिता सिंह, सन्ने सिंह डॉ0 विशाल सिंह, संजय कुमार, डॉ0 सतीश राय, अवधेश कुमार पांडेय, डॉ0 राकेश पांडेय, तूलिका श्रीवास्तव, डॉ0 सुजीत कुमार, सुरेश प्रजापति, कुशलपाल यादव आदि उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति माघ मेला प्राण प्रतिष्ठा गणतंत्र दिवस कानून व्यवस्था को लेकर सीएम योगी ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग



प्रखर गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पांच कालिदास मार्ग से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर मकर संक्रांति माघ मेला रामलाल प्राण प्रतिष्ठा गणतंत्र दिवस तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि 22 जनवरी को श्रीरामलला के नवीन

### हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाए - सीएम

विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा 'राष्ट्रीय उत्सव' समारोह से आम जनमानस के भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए 22 जनवरी को प्रदेश की सभी शिक्षण संस्थाओं में अवकाश रहेगा और शराब की दुकानें भी बंद रखी जाएंगी जिला स्तरीय पुलिस से अपने-अपने जनपदों एक कानून व्यवस्था चाक चौबंद बनाए रखने के लिए कोई कोर कसर नहीं छुटनी चाहिए मकर संक्रांति माघ मेला अतिरिक्त बसें चलाई जाए जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की यात्रा में दिक्कत न होने पाए गणतंत्र दिवस के दिन पारंपरिक तरीके से बड़े ही धूमधाम के साथ अपने-अपने ऑफिसों के सामने ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाए एडीजी पुलिस कमिश्नर आईजी डीआईजी मंडलायुक्त डीएम एसएसपी एसपी अपने अपने जनपदों में कानून व्यवस्था चाक चौबंद बनाए रखने में कोई कोर कसर न छोड़ें और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर बनाए रखें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा की 22 जनवरी को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के बाद सायंकाल हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाए। हर सनातन आस्थावान अपने घरों/प्रतिष्ठानों में रामज्योति प्रज्वलित कर रामलला का स्वागत करे। सभी सरकारी भवनों की साज-सज्जा कराई जाए। शाम को आतिशबाजी का भी प्रबंध हो। लखनऊ, प्रयागराज और गोरखपुर से अयोध्या मार्ग को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में तैयार रखा जाए। वाहन चलते रहें, खड़े न रहें। इन मार्गों को रामायण/ रामचरितमानस के श्लोकों/ चौपाइयों/ दोहों से आकर्षक बनाएं। विभिन्न भाषाओं में साइनेज भी लगाए जाएं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान एडीजी जोन डॉ के एस प्रताप कुमार मंडलायुक्त अनिल ढींगरा डीआईजी आनंद सुरेश राव कुलकर्णी जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल सीडीओ संजय कुमार मीना अपर आयुक्त प्रशासन वीके सिंह एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह सीएमओ आशुतोष दुबे जिला पूर्ति अधिकारी रामेंद्र प्रताप सिंह सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।

## विवेकानन्द की मूर्ति और पार्क की हुई रंगाई पुताई

जौनपुर। नगर के मोहल्ला ख्वाजादोस्त रासमंडल में युग पुरूष स्वामी विवेकानंद की एकमात्र मूर्ति व पार्क हैं । यह काफी दिनों से उपेक्षित पड़ी थी । मूर्ति मरम्मत व पार्क साफ सफाई नहीं होने से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा व संगत पंगत संगठन ने सभासद नंदलाल मौर्य व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा देवी मौर्य को अवगत कराया तो उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को तुरंत आदेश दिया कि मूर्ति रंगाई मरम्मत व स्वामी विवेकानंद जी पार्क रासमंडल का कार्य 24 घण्टे में कराया जाए । उन्होने कहा कि भाजपा सरकार महापुरुषों के पार्क मूर्ति के सौंदर्यकरण के लिए दृढ़ संकल्प हैं । नगर पालिका किसी प्रकार की कमी नहीं रखेगी । स्वामी विवेकानंद जी ने तो पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया था। नगर पालिका अध्यक्ष के आदेश पर पार्क में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति का मरम्मत रंगाई पुताई व सफाई अभियान सुरु कर दिया है। कायस्थ महासभा व संगत पंगत स्वामी विवेकानंद जी के जयंती 12 जनवरी पर उस पार्क में शाम साढ़े तीन बजे एक कार्यक्रम आयोजित किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### चीन ने नया उपग्रह किया लॉन्च

**जिउक्वान।** चीन के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से बृहस्पतिवार को एक नया उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा गया। स्थानीय समयानुसार, सुबह करीब 11:52 बजे तियानक्सिंग-1 02 उपग्रह को कुआइझोउ-1ए वाहक रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया और कक्षा में प्रवेश कर गया है। उपग्रह का उपयोग मुख्य रूप से अंतरिक्ष पर्यावरण का पता लगाने जैसे प्रयोगों के लिए किया जाएगा। यह कुआइझोउ-1ए रॉकेट का 26वां उड़ान मिशन है।

### इक्वाडोर में चीन दूतावास अस्थाई रूप से बंद

**मैक्सिको सिटी।** इक्वाडोर स्थित चीनी दूतावास और महावाणिज्य दूतावास को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गयी। बयान में बताया गया है कि दूतावास और महावाणिज्य दूतावास को 10 जनवरी से अगली सूचना तक अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इक्वाडोर स्थित चीनी दूतावास के अनुसार, यहां ऐसी सुरक्षा घटनाओं के बारे में कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, जिससे चीनी उद्यम और नागरिक चिंतित हों। देश में 'आंतरिक सशस संघर्ष' के कारण इक्वाडोर के राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ ने सोमवार को 60 दिन के आपातकाल की घोषणा की।

### यूनान : शरणार्थियों की नाव डूबी, दो मरे

**एथेंस।** यूनान के लेसवोस द्वीप में शरणार्थियों और प्रवासियों को ले जा रही एक नाव के डूबने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। यूनान के राष्ट्रीय न्यूज चैनल ईआरटी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। तटरक्षक सूत्रों से प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पीड़ित अफ्रीकी मूल के युवा थे। जीवित बचे 16 लोगों में से कुछ ने अधिकारियों को बताया कि नाव पर शुरू में 36 लोग थे, जो तुर्की के तट से रवाना हुई थी। क्षेत्र में ब्यूफोर्ट पैमाने पर नौ डिग्री तक पहुंचने वाली तेज हवाओं के बीच, बुधवार की सुबह यूनान द्वीप के पास पहुंचते समय नाव चट्टानों से टक्करा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

### अमेरिका का फायदा उठाया गया : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर वह 2024 में अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं तो उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अमेरिका के साथ उसके व्यवहार पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका का फायदा ही उठाया गया है। ट्रंप ने बुधवार को आयोवा में एक टाउन हॉल कार्यक्रम के दौरान कहा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वे हमारे साथ उचित व्यवहार करते है या नहीं।

### द. कोरिया के विमान में लगी आग


**सियोल।** दक्षिण कोरिया के एक यात्री विमान से पक्षी के टकराने के बाद बुधवार रात उसकी इंजन में आग लग गयी, लेकिन राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। एयरलाइन टी'वे एयर का बोइंग 737-800 विमान ने जापान की राजधानी टोक्यो स्थित नरिता अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और द. कोरिया की राजधानी सोल से लगभग 50 किलोमीटर पश्चिम में इंचियोन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने वाला था। विमान के दाहिने पंख वाले इंजन से चिंगारी और आग की लपटें निकलीं। विमान के अंदर जलने की गंध महसूस हुई।

### अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके

**काबुल ।** अफगानिस्तान के हिंदू कुश क्षेत्र में बृहस्पतिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसके अलावा उत्तर भारत और पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंस के मुताबिक, शुरू में भूकंप का केंद्र 192.1 किमी की गहराई में 36.52 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 70.71 डिग्री पूवी देशांतर पर निर्धारित किया गया था। किसी के हताहत होने या क्षति की तत्काल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## द्विपक्षीय रक्षा मुद्दों पर सुनक से वार्ता की राजनाथ ने

■ लंदन (भाषा)।



■ ब्रिटेन के प्रथम हिन्दू प्रधानमंत्री को भेंट की राम दरबार की मूर्ति

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ गर्मजोशी भरी बैठक कर और एक सामुदायिक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने के बाद यहां की अपनी यात्रा बृहस्पतिवार को संपन्न की।

सिंह ने यहां प्रधानमंत्री आवास सह कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' में बुधवार को सुनक से मुलाकात की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा और आर्थिक संबंधों के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। सिंह ने बैठक के दौरान, ब्रिटेन के प्रथम हिंदू प्रधानमंत्री सुनक को राम दरबार की एक मूर्ति भी भेंट की। बैठक में ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर टिम बैरो भी शामिल हुए। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ लंदन में गर्मजोशी भरी बैठक हुई। उन्होंने कहा, मुझे उनके साथ कई मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर मिला। हमने रक्षा, आर्थिक सहयोग के मुद्दों तथा भारत और ब्रिटेन द्वारा शांतिपूर्ण व स्थिर वैश्विक नियम आधारित व्यवस्था बना सकने के तरीकों पर चर्चा की।

रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, सुनक ब्रिटेन और भारत के तालमेल के साथ काम करने की जरूरत पर राजनाथ से सहमत हुए और उम्मीद जताई कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर जारी बातचीत को जल्द ही सफलतापूर्वक निष्कर्ष पर पहुंचाया जाएगा। भारत और ब्रिटेन एफटीए के लिए अभी 14वें दौर की वार्ता कर रहे हैं। इस समझौते का लक्ष्य 36 अरब ब्रिटिश पौंड की द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाना है। समझा जाता है कि सुनक ने भी द्विपक्षीय साझेदारी के तहत रक्षा व सुरक्षा संबंध प्रगाढ़ करने की अपनी सरकार की इच्छा को रेखांकित किया। इस बीच, सिंह ने सुनक को ब्रिटेन के रक्षा उद्योग के साथ सकारात्मक बातचीत होने और ब्रिटेन की अपनी यात्रा के दौरान द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी में नयी सकारात्मक ऊर्जा की जानकारी दी। किसी भारतीय रक्षा मंत्री की पिछले 22 वर्षों में ब्रिटेन की यह पहली यात्रा है।

## शेख हसीना की नई कैबिनेट में शामिल हुए 37 मंत्री

■ ढाका (वार्ता)।



■ 14 नए चेहरे शामिल किए गए

बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार की कैबिनेट में 37 मंत्री शामिल किए गए हैं जिनमें 14 नए चेहरे हैं।

कैबिनेट सचिव महबूब हुसैन ने यहां संवाद-दाता सम्मेलन में बताया कि कैबिनेट में प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ 25 कैबिनेट मंत्री और 11 राज्यमंत्री शामिल किये गये है। सुश्री हसीना ने अपने नये मंत्रिमंडल में 14 नये चेहरों को जगह दी है। हुसैन ने बताया कि प्रधानमंत्री और उनके सहयोगी मंत्रीगण बृहस्पतिवार की शाम सात बजे शपथ लेंगे। नवगठित मंत्रिमंडल के सदस्यों के शपथग्रहण समारोह के बाद मंत्रियों को विभागों का आवंटन किया जायेगा।

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने अवामी लीग नेता शेख हसीना को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। प्रधानमंत्री के रूप में सुश्री हसीना का यह लगातार चौथा कार्यकाल है। राष्ट्रपति ने सुश्री हसीना को नयी सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। इससे पहले सुश्री हसीना और उनकी पार्टी के निर्वाचित सांसदों ने बुधवार को संसद सदस्य के रूप में शपथ ली थी। गौरतलब है कि आम चुनावों में अवामी लीग नीत गठबंधन ने संसद की 298 सीटों में से 225 सीटें जीती है। इनमें अवामी लीग ने अकेले 222 सीटें हासिल की है।

## पापुआ न्यू गिनी में दंगे और लूटपाट, 15 मरे

■ पोर्ट मोरेस्बी (वार्ता)।



■ वेतन विवाद पर पुलिस की हड़ताल के बाद भड़की हिंसा

पापुआ न्यू गिनी की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी और देश के दूसरे सबसे बड़े शहर 'लाए' में दंगा भड़कने और अशांति के कारण 15 लोगों की मौत हो गई है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि वेतन विवाद पर पुलिस की हड़ताल के बाद दुकानों और कारों में आग लगा दी गई और सुपरमार्केट लूट लिए गये। उन्होंने बताया कि बुधवार को पुलिस की अनुपस्थिति ने शहर के बाहरी इलाके के लोगों को दुकानों में तोड़फोड़ करने और बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया। पापुआ न्यू गिनी में वेतन विवाद के अलावा बढ़ती महंगाई और उच्च बेरोजगारी के कारण भी बड़े पैमाने पर तनाव व्याप्त है। प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने बृहस्पतिवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए इन घटनाओं के लिए माफी मांगी, लेकिन कहा कि अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनता से कहा, 'कानून तोड़ने से कुछ खास नतीजे नहीं मिलते।'

देश में सैनिकों की तैनाती और पुलिस के फिर से ड्यूटी पर लौटने के बाद बुधवार शाम तक हिंसा की अधिकतर घटनाओं पर रोक लगा दी गयी थी। मारापे ने स्वीकार किया कि स्थिति अब भी तनावपूर्ण है। पोर्ट मोरेस्बी जनरल अस्पताल ने राजधानी में आठ मौतों की पुष्टि की है, जबकि लाए शहर में सात अन्य लोगों की मौत की सूचना मिली है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी के जिला गवर्नर पॉवेस पार्कोप ने बुधवार को एक रेडियो संबोधन में कहा, 'हमने अपने शहर में अभूतपूर्व स्तर का संघर्ष देखा है, कुछ ऐसा जो हमारे शहर और हमारे देश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ।' उन्होंने कहा कि लूटपाट बड़े पैमाने पर 'अवसरवादियों' द्वारा की गई थी। यह भी दर्ज किया गया कि कुछ हिंसा पुलिस प्रदर्शनकारियों द्वारा की गयी थी। हिंसा तब भड़की, जब पुलिस और अन्य सरकारी सेवकों ने अपने नवीनतम वेतन में 50 प्रतिशत तक की कटौती के विरोध में संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

## निखिल के सबूत देने से अमेरिका का इनकार

■ न्यूयॉर्क (भाषा)।



■ खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश का मामला

■ कहा, अभियोग के बाद ही सरकार जानकारी प्रदान करेगी

अमेरिकी सरकार ने एक खालिस्तानी चरमपंथी की हत्या की नाकाम साजिश के आरोप में चेक गणराज्य की जेल में बंद भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को बचाव सामग्री प्रदान करने को लेकर आपत्ति जताई है और कहा है कि वह न्यूयॉर्क की अदालत में पेशी और मामले में अभियोग के बाद ही जानकारी प्रदान करेगी।

गुप्ता (52) पर संघीय अभियोजकों ने पिछले साल नवम्बर में एक अभियोग में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका की जमीन पर मारने की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया था। पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। गुप्ता को 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य के प्राग में गिरफ्तार किया गया था और इस समय उसे वहीं रखा गया है। अमेरिकी सरकार उसके अमेरिका प्रत्यर्पण की मांग कर रही है। गुप्ता के वकील ने चार जनवरी को न्यूयॉर्क के सदर्न डिस्ट्रिक्ट के यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में एक प्रस्ताव दायर किया जिसमें अदालत से संघीय अभियोजकों को 'तत्काल आरोपों के बचाव के लिए प्रासंगिक बचाव सामग्री' प्रदान करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश विक्टर मारेरो ने आठ जनवरी को गुप्ता के वकील द्वारा दायर प्रस्ताव का जवाब देने के लिए सरकार को तीन दिन का समय दिया था। सरकार ने बुधवार को जिला अदालत में दायर अपने जवाब में कहा कि सामग्री मांगने वाले गुप्ता के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए। सरकार की ओर से जवाब देते हुए अमेरिकी अटॉर्नी डेमियन विलियम्स ने कहा कि गुप्ता को इस समय ऐसा कोई कानूनी अधिकार या औचित्य नहीं है। न्यूयॉर्क में गुप्ता के वकील जेफ चाब्रोवे ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि प्रत्यर्पण कार्यवाही में प्राग में गुप्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने कहा, अमेरिकी अभियोग के अलावा उन्हें किसी भी प्रकार का कोई सबूत या दस्तावेज नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि गुप्ता से प्राग में 'वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने कई मौकों पर पूछताछ की है, जो अब भी जारी है।'

प्रस्ताव में कहा गया है, प्राग में मौजूद बचाव पक्ष के वकील के पास केवल अभियोग के अलावा कोई सबूत या अन्य मामले की सामग्री नहीं है। सबसे गंभीर बात यह है कि अभियोग के बाद भी प्रतिवादी से अमेरिकी अधिकारियों द्वारा पूछताछ जारी है, जहां उसके बेखबर वकील के पास उसे सुरक्षित करने की कोई क्षमता या अधिकार नहीं है। इसलिए अदालत से सरकार को यहां बचाव उपाय तलाशने के अनुरोध का अनुपालन करने का आदेश देने का अनुरोध किया जाता है। गुप्ता के प्रस्ताव में कहा गया है कि प्राग की एक नगरपालिका अदालत ने शुरू में प्रत्यर्पण की सिफारिश की लेकिन कोई भी अंतिम प्रत्यर्पण आदेश जारी होने से पहले न्यायिक समीक्षा आवश्यक हैं।

## सिंगापुर : भारतीय मूल का डॉक्टर तीन साल के लिए निलंबित

■ सिंगापुर (आईएएनएस)।

मरीजों को अनुचित तरीके से लंबे समय तक शामक दवाएं देने वाले 35 साल के अनुभवी भारतीय मूल के एक डॉक्टर को सिंगापुर में एक अनुशासनात्मक न्यायाधिकरण ने तीन साल के लिए चिकित्सा अभ्यास से निलंबित कर दिया है।

चैनल न्यूज एशिया (सीएनए) ने बृहस्पतिवार को बताया कि मरीन परेड क्लिनिक में 61 वर्षीय सामान्य चिकित्सक मनिंदर सिंह शाही ने 2002 से 2016 तक अपने कार्यों के संबंध में पेशेवर कदाचार के 14 आरोपों में दोषी ठहराया। 9 जनवरी को निलंबन के लिए सिंगापुर मेडिकल काउंसिल (एसएमसी) की दलीलों को स्वीकार करते हुए तीन सदस्यीय न्यायाधिकरण ने शाही की निंदा करने का आदेश दिया। उसे एसएमसी को एक लिखित आश्वासन भी देना होगा कि वह अपना आचरण नहीं दोहराएगा, और कार्यवाही की लागत का भुगतान करेगा। जिन सात मरीजों को शाही ने अनुचित तरीके से लंबे समय तक शामक दवा दी, उनमें से तीन बुजुर्ग थे। तीन-सदस्यीय न्यायाधिकरण ने सुना कि शाही, जो त्वेहद व्यस्तत्त प्रैक्टिस करते थे, प्रतिदिन 40 से 70 रोगियों को देखते थे, उन्होंने अनुचित तरीके से बेंजोडायजेपाइन, ज़ोपिक्लोन या ज़ोलपिडेम दवा दी।

## अबू धाबी में BAPS मंदिर स्वीकृति बड़ी उपलब्धि : यूएई राजदूत


**गांधीनगर (भाषा)।** भारत में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राजदूत अब्दुलनासिर अलशाली ने बृहस्पतिवार को कहा कि अबू धाबी में अगले महीने बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था (बीएपीएस) हिंदू मंदिर का उद्घाटन 'सहिष्णुता और स्वीकृति का जश्न मनाने' के लिए एक महत्वपूर्ण दिन होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे।

राजदूत अलशाली ने कहा, 'हम 14 फरवरी को होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम की प्रतीक्षा कर रहे हैं... यह एक अभूतपूर्व यादगार दिन होने के साथ सहिष्णुता, स्वीकृति का जश्न मनाने और इस रिश्ते को अधिक मजबूत करने का एक विशेष अवसर होगा।'

स्वामी ईश्वरचरणदास और स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बीते महीने बीएपीएस हिंदू मंदिर की ओर से प्रधानमंत्री को कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया था।

## रूसी रॉकेटों का खार्किव पर हमला

■ कीव (आईएएनएस)।



■ एक होटल की इमारत को हुई भारी क्षति

दो रूसी रॉकेटों ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव में एक होटल पर हमला किया, इससे होटल को नुकसान पहुंचा है। हमले में 10 लोगों के घायल होने की खबर है।

राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) ने एक सोशल पोस्ट में कहा कि हमला बुधवार रात करीब 10.30 बजे हुआ। रॉकेटों ने रूसी सीमा से सिर्फ 30 किमी दूर स्थित शहर के मध्य भाग को निशाना बनाया इसमें यह भी कहा गया कि एसईएस इकाइयों, राष्ट्रीय पुलिस और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। तीन मंजिला होटल की इमारत के साथ-साथ आसपास खड़ी कारों को भी नुकसान हुआ। एसईएस ने पोस्ट में कहा, आग का क्षेत्र लगभग 20 वर्ग मीटर था। इमारत से आठ लोगों को निकाला गया। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार होटल कर्मचारी, मेहमान और एक विदेशी पत्रकार सहित 10 लोग घायल हो गए। एसईएस द्वारा जारी की गई तस्वीरों में होटल को भारी क्षति पहुंची है और अग्निशमन कमी घटनास्थल पर मौजूद हैं। बीबीसी की रिपोर्ट में कहा गया कि खार्किव के गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव के मुताबिक हमला एस-300 रॉकेट से किया गया था। शहर के मेयर इहोर तेरखोव ने दावा किया कि हमले के समय होटल में कोई सेना नहीं थी, लेकिन 30 नागरिक मौजूद थे। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब रूस ने पिछले दो हफ्तों में यूक्रेन के शहरों पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बाद से खार्किव को रूसी हवाई हमलों से व्यापक क्षति हुई है।

## 'एक देश, एक चुनाव' का विरोध किया ममता ने

■ नई दिल्ली (भाषा)।



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की अवधारणा पर असहमति जताते हुए बृहस्पतिवार को 'एक देश, एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा कि यह भारत के संवैधानिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ होगा। समिति के सचिव को लिखे पत्र में ममता ने कहा कि 1952 में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ पहली बार आम चुनाव कराए गए थे।

उन्होंने कहा, 'कुछ वर्षों तक इस तरह से चला लेकिन बाद में यह प्रक्रिया टूट गई।' उन्होंने पत्र में लिखा, 'मुझे खेद है कि मैं आपके द्वारा तैयार 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा से सहमत नहीं हूं। हम आपके प्रारूप और प्रस्ताव से असहमत हैं।' उन्होंने कहा कि समिति के साथ सहमत होने को लेकर कुछ वैचारिक कठिनाइयां हैं और इसकी अवधारणा स्पष्ट नहीं है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने 'एक देश एक चुनाव' के मतलब को लेकर सवाल किया और कहा, 'मैं ऐतिहासिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिपेक्ष्य में एक राष्ट्र का अर्थ समझती हूं, लेकिन मैं इस मामले में इस शब्द के सटीक संवैधानिक व संरचनात्मक निहितार्थ को नहीं समझ पा रही हूं। क्या भारतीय संविधान 'एक देश, एक सरकार' की अवधारणा का पालन करता है? मुझे डर है, ऐसा नहीं होगा।' उन्होंने कहा कि जब तक यह अवधारणा कहां से आई इसकी 'बुनियादी पहेली' का समाधान नहीं हो जाता तब तक इस मुद्दे पर किसी ठोस राय पर पहुंचना मुश्किल है।

## बंगाल : ईडी अफसरों के खिलाफ दर्ज FIR पर 31 मार्च तक रोक

■ पांच जनवरी को छापे में शामिल ईडी अधिकारियों पर चोरी, मारपीट आदि को लेकर एक व्यक्ति ने दर्ज कराई है रिपोर्ट

**कोलकाता (भाषा)।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने पांच जनवरी को संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के घर छापेमारी के लिए गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में कार्यवाही पर बृहस्पतिवार को अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया। ईडी ने उत्तर 24 परगना जिले के नजात थाने में अपने अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध करते हुए अदालत का रुख किया और दावा किया कि अधिकारियों के खिलाफ झूठे आरोप लगाए गए हैं।

प्राथमिकी में दीदार बख्श मोल्ला नामक एक व्यक्ति ने शेख के आवास पर छापेमारी की कार्रवाई के लिए पांच जनवरी को आए ईडी अधिकारियों पर चोरी, लोगों के साथ मारपीट और महिलाओं को अपमानित करने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा ने प्राथमिकी के संबंध में कार्यवाही पर 31 मार्च तक अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया।

इससे पहले दिन में न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एक अन्य एकल पीठ ने मौखिक रूप से निर्देश दिया था कि छापेमारी में शामिल ईडी अधिकारियों के खिलाफ सोमवार तक कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकती।

ईडी ने कहा है कि पांच जनवरी को उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में ईडी की टीम पर हुए हमले में उसके तीन अधिकारी घायल हो गए और उनका सामान छीन लिया गया। हमला उस वक्त हुआ जब वे राज्य की राशन वितरण प्रणाली में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में छापेमारी के लिए शाहजहां शेख के घर गए थे।

## गाजा पर कब्जा रखने का इरादा नहीं : नेतन्याहू

■ यरूशलम (आईएएनएस)।



■ कहा, गाजा में बमबारी का लक्ष्य हमास के उग्रवादियों पर है, फिलिस्तीनी आबादी पर नहीं

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इस्राइल का गाजा पर कब्जा बनाए रखने या नागरिकों को विस्थापित करने का कोई इरादा नहीं है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के कथित नरसंहार के संबंध में हेग में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में सुनवाई शुरू होने से एक दिन पहले बुधवार को यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, मैं कुछ बातें स्पष्ट करना चाहता हूं इस्राइल का गाजा पर स्थायी रूप से कब्जा करने या उसकी नागरिक आबादी को विस्थापित करने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि गाजा में इस्राइल की बमबारी का लक्ष्य हमास के उग्रवादियों पर है, फिलिस्तीनी आबादी पर नहीं और हम अंतरराष्ट्रीय कानून के पूर्ण अनुपालन में ऐसा कर रहे हैं।

नेतन्याहू ने कहा, इस्राइली सेना नागरिक हताहतों की संख्या को कम करने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रही है, जबकि हमास फिलिस्तीनी नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करके उन्हें अधिकतम करने की पूरी कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य गाजा को हमास आतंकवादियों से मुक्त कराना और हमारे बंधकों को मुक्त कराना है। इस बीच, हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि चल रहे इस्राइली आक्रमण से फिलीस्तीनी मरने वालों की संख्या 23,357 हो गई है, और गाजा की 2.3 मिलियन आबादी में से लगभग 1.9 मिलियन लोग विस्थापित हो गए हैं।

### इस्राइली हमले में 90 फिलिस्तीनी मरे

■ इस्राइल ने गाजा में तेज की बमबारी

**गाजा (आईएएनएस)।** फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि बुधवार को गाजा पट्टी में इस्राइली हवाई हमलों में 90 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा पट्टी के केंद्र में एक आवासीय क्षेत्र पर हुए हवाई हमले में 58 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। इस बीच, बचावकर्मियों ने नवाफल परिवार के एक घर के मलबे से 15 शवों को बाहर निकाला, जो मिस्र की सीमा के पास राफ़ा के पश्चिम में एक इस्राइली हमले के कारण नष्ट हो गया था। मंत्रालय ने कहा कि एक अलग इस्राइली हमले में दक्षिणी गाजा पट्टी के शहर खान यूनिस में 14 अन्य फिलिस्तीनी मारे गए।

गाजा पट्टी के उत्तर में नागरिक सुरक्षा ने कहा कि उसके दल ने गाजा शहर के उत्तर में स्थित जबालिया शहर में असालिया परिवार के एक घर के मलबे से पांच मृतकों और दर्जनों घायलों को बरामद किया। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि इस्राइल ने गाजा पट्टी के अधिकांश हिस्सों, विशेष रूप से दीर अल-बलाह और खान यूनिस के मध्य व दक्षिण को निशाना बनाते हुए हवा, जमीन और समुद्र से अपनी बमबारी तेज कर दी है। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी पर इस्राइल के बढ़ते हमलों में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हो गए और हजारों नागरिक विस्थापित हो गए, जो गाजा शहर और उसके उत्तरी उपनगरों से भागकर पट्टी के केंद्र और दक्षिण में चले गए।

## संक्षिप्त खबरें

### एल्गी की नई सुविधा

नई दिल्ली। दुनिया के अत्याधुनिक अग्रणी एयर कंप्रेशर निर्माताओं में से एक, द एल्गी इक्विपमेंट्स ने मियामी स्थित फिटनेस स्टूडियो, एयरलैब फिटनेस की शुरुआत की है। जो एल्टीट्यूड पर मजबूत, कंडीशनिंग और एचआईटीटी क्लासेज की पेशकश करते हुए प्रत्येक ग्राहक के लिए प्रशिक्षण से होने वाले लाभ और रिकवरी प्रक्रिया को गति देगा। एयरलैब फिटनेस के को-सीईओ, वरुण जय वरदराज ने कहा, 'एयरलैब में, हमारे प्रशिक्षण दर्शन की बुनियाद 'ट्रेन हाई, लिव लो' है। हमारा स्टूडियो तेज रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए मियामी के वातावरण का लाभ उठाते हुए हमारे मेंबर्स को हाई एल्टीट्यूड सेशंस के दौरान आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### अप्रावा एनर्जी को ठेका

नई दिल्ली। अप्रावा एनर्जी को सार्वजनिक क्षेत्र की एनएचपीसी लिमिटेड से 250 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। अप्रावा को पहली बार ग्रीनफील्ड सौर ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है। ठेका नीलामी के जरिए मिला। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा राजस्थान में अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) से जुड़ी सौर ऊर्जा परियोजना का ठेका दिया गया है। अप्रावा एनर्जी के प्रबंध निदेशक राजीव रमजान मिश्रा ने बयान में कहा, 'हम इस परियोजना के साथ अपने सौर ऊर्जा खंड को मजबूत करने के लिए उत्साहित हैं।

### BMW की रिकार्ड बिक्री

नई दिल्ली। जर्मनी के वाहन निर्माता समूह बीएमडब्ल्यू ने 2023 में भारत में 22,940 इकाइयों की लक्जरी कार और मोटरसाइकिल की रिकार्ड बिक्री दर्ज की। कंपनी ने 2023 में बीएमडब्ल्यू और मिनी ब्रांड की कुल 14,172 इकाइयां बेचीं, जबकि मोटरसाइकिल (बीएमडब्ल्यू मोटरराड) की 8,768 इकाइयां बेचीं। कंपनी की बिक्री 2022 में 19,263 इकाइयों की तुलना में पिछले साल 19 प्रतिशत बढ़ी। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने यहां पत्रकारों से कहा, '2023 बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के लिए रिकार्ड कमाई वाला वर्ष रहा।'

### महिंद्रा लास्ट में निवेश

नई दिल्ली। भारत-जापान कोष वाहन बनाने वाली घरेलू कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा की इकाई महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लि. में 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि भारत-जापान कोष (आईएजेएफ) 6,600 करोड़ रुपये तक के मूल्यांकन पर 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसके परिणामस्वरूप आईजेएफ की हिस्सेदारी महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लि. (एमएलएमएमएस) में 6.06 प्रतिशत से 8.25 प्रतिशत के बीच होगी।(एजेंसी)

# यूपी को एक माह में मिलेंगे 5 नए एयरपोर्ट

नई दिल्ली (भाषा)।



नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में एक महीने में पांच नए हवाई अड्डों का उद्घाटन किया जाएगा। अयोध्या से अहमदाबाद के लिए इंडिगो की उड़ान सेवा के उद्घाटन के लिए ऑनलाइन आयोजित समारोह में उन्होंने यह बात कही।

सिंधिया ने कहा कि अयोध्या हवाई अड्डे का विस्तार किया जाएगा। रनवे का विस्तार किया जाएगा जिससे बड़े विमान उतर सकेंगे और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित हो सकेंगी। सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक महीने में उत्तर प्रदेश में पांच नए हवाई अड्डों का उद्घाटन किया जाएगा, जिससे राज्य में हवाई अड्डों की कुल संख्या 19 हो जाएगी।

अयोध्या हवाई अड्डे के बारे में सिंधिया ने कहा कि दूसरे चरण का विस्तार जल्द ही शुरू होगा और शहर को और अधिक उड़ानें मिलेंगी। अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन 30 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समारोह में शिरकत करेंगे।

### प्रीमियम इकोनॉमी श्रेणी को पसंद कर रहे एयर पैसेंजर : विस्तारा

नई दिल्ली (भाषा)। एयरलाइन कंपनी विस्तारा ने कहा है कि प्रीमियम इकोनॉमी श्रेणी यहां टिकने के लिए है और इसका विकल्प चुनने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुई है। टाटा और सिंगापुर एयरलाइंस के संयुक्त उद्यम (जेवी) विस्तारा ने भारत में सबसे पहले 'प्रीमियम इकनॉमी' श्रेणी शुरू की थी। इसके बेड़े में 67 विमान हैं और यह घरेलू-अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर प्रतिदिन लगभग 320 उड़ानों का परिचालन करती है। कंपनी अपने बेड़े में इस साल अप्रैल तक तीन और विमान शामिल करेगी।

वर्तमान में एयरलाइन अपने तीन विमान मॉडल- एयरबस 320 नियो, एयरबस 321 और बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर में प्रीमियम इकोनॉमी श्रेणी की पेशकश करती है। विस्तारा के सीसीओ दीपक राजावत ने बताया कि प्रीमियम इकोनॉमी श्रेणी यहां टिकने के लिए है। उन्होंने कहा, 'हमने प्रीमियम इकोनॉमी श्रेणी में टिकट लेने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि देखी है। सालाना आधार पर इसमें बढ़ोतरी हो रही है।' भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढते नागर विमानन बाजारों में से एक है और कोविड-19 महामारी के बाद घरेलू हवाई यात्री यातायात में मजबूत उछाल आया है।

### इसी वर्ष देश को मिलेगी मेड इन इंडिया मेमोरी चिप : वैष्णव


गांधीनगर (गुजरात)। केंद्रीय सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश को इसी साल (2024) में मेड इन इंडिया मेमरी चिप मिलने वाली है। इसका निर्माण गुजरात में होने वाला है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि जून महीने में अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया और महज 90 दिनों में ही विश्व की नंबर एक सेमीकंडक्टर कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी के अहमदाबाद जिले के साणंद में कारखाना का निर्माण भी शुरू हो गया। इसके लिए गुजरात सरकार ने मंजूरी व जमीन देने में अनूठी तेजी दिखाई।

केंद्रीय मंत्री ने यह बातें गुरुवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के तहत सेमीकंडक्टर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विषय पर आयोजित सेमिनार के बाद पत्रकारवार्ता में कही। वैष्णव ने कहा कि 2047 में विकसित भारत बनने में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी। देश में सेमीकंडक्टर की डिजाइन और उसके निर्माण के क्षेत्र में भी काफी अवसर है। भारत में यह दोनों सुविधाओं के लिए काफी काम करने की जरूरत है। इसके लिए कुशल मानवबल की जरूरत होगी। ऐसे में इसकी शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी अवसर है। देश के 104 विश्वविद्यालय और शोध संस्थानों में सेमीकंडक्टर, मेमोरी चिप डिजाइन, निर्माण व इसके इकोसिस्टम से जुड़े बीटेक, एमटेक और पीएचडी स्तर के कोर्स शुरू किए हैं।

# इलेक्ट्रिक वाहनों का होगा आने वाला समय : गडकरी

■ वर्ष 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये का होगा इन वाहनों का बाजार

गांधीनगर।



आने वाला समय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) का है। देश में जिस तरह से देश में ईवी का चलन बढ़ रहा है, वह दिन दूर नहीं जब पेट्रोल-डीजल से चलने वाली गाड़ियां गिनती की रह जाएंगी। जब मैं 4-5 साल पहले ईवी की बात करता था, उद्योगपतियों से कहता था... वे आज गलत साबित हुए। आज का दौर और भविष्य ईवी का है। ये बातें गुजरात वाइब्रेंट वैश्विक समिट के दूसरे दिन केंद्रीय सड़क परिवहन और हाईवे मंत्री नितिन गडकरी ने कही। सम्मेलन में कौशल विकास और भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गुजरात के परिवहन मंत्री हर्ष सांघवी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

गडकरी ने सभागार में मौजूद उद्योगपतियों को सलाह के अंदाज में कहा कि अगर आप लोग निवेश और विस्तार करने में पीछे रह जाएंगे तो इसमें नुकसान आप का ही होगा। वक्त तेजी से बदल रहा है और आप लोगों को फास्ट ट्रैक पर इसे अपनाने का व्यवहार अपनाना होगा। क्योंकि ईवी का विकास कल्पना व समझ के बाहर है। गडकरी ने कहा कि भारत के अगले कुछ वर्षों में भारत को 5 ट्रिलियन की इकोनॉमी बनने के हिस्से के तहत देश के ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए 25 लाख करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया है। 2014 में भारत ऑटोमोबाइल सेक्टर में दुनिया में सातवें स्थान पर था। आज भारत जापान को पछाड़कर दुनिया में ऑटोमोबाइल का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। इस सेक्टर में काफी ज्यादा संभावनाएं हैं। जिस तरह से ऑटोमोबाइल की संख्या बढ़ रही है। उससे लगता है कि हम जल्द दुनिया में नंबर 1 तक पहुंच जाएंगे। इसलिए हमारा लक्ष्य है कि भारत ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग में दुनिया में नंबर वन बने। उन्होंने कहा कि ईवी का विकास समझ के बाहर है। स्कूटर व टू व्हीलर की ईवी में 400 स्टार्टअप आरंभ हो गए। ईवी का भारत में बाजार 12.5 लाख करोड़ का बाजार है। 4 करोड़ लोगों को रोजगार मिल रहा है और 4 करोड़ का निर्यात है। यह सबसे ज्यादा राजस्व दे रहा है। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए ऑटो इंडस्ट्री को अब इसे 25 लाख करोड़ का बाजार बनना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गुजरात भी ऑटो मैन्यूफैक्चरिंग में हब बन गया है। यहां पर कई क्लस्टर हैं, जिसमें अहमदबाद में साणंद, वडोदरा, मांडल-बेचराजी, विट्ठलपुर है जहां इसका निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि ईवी की जितनी संख्या बढ़ेगी उतना लागत कम होगा।

उन्होंने कहा कि भारत में फिलहाल 35.3 लाख इलेक्ट्रिक व्हीकल हैं। वर्ष 2021 की तुलना में यह वर्ष 2022 में 500 गुणा बढ़ गया। वर्ष 2030 तक इसका विकास 50 फीसद हो जाएगा। नीति आयोग के रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक ईवी का वार्षिक बाजार 20 लाख करोड़ का हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में परिवहन सेक्टर 40 फीसद प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है, जिसमें 85 फीसद जीवाश्म ईंधन से आता है। उन्होंने कहा कि भारत तभी 3 ट्रिलियन इकॉनॉमी बन सकता है कि जब उद्योग,व्यापार व खेती में विकास होगा।

■ ईवी का विकास समझ के बाहर है, जिसने इस मंत्र को समझा वह फायदे में रहेगा
■ गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण से निपटना है तो ईवी को अपनाना ही होगा

# क्रिप्टो पर दूसरों का अनुसरण नहीं

■ जो दूसरों के लिए अच्छा, जरूरी नहीं कि वह हमारे लिए भी अच्छा हो : दास

मुंबई (भाषा)।



भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्रीय बैंक क्रिप्टो करेंसी नियमों पर दूसरों का अनुकरण नहीं करेगा और 'जो दूसरे बाजार के लिए अच्छा है, जरूरी नहीं कि वह हमारे लिए भी अच्छा हो।'

अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग द्वारा अमेरिका में बिटकॉइन एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड के निर्माण की अनुमति देने के लिए बदलावों को मंजूरी देने के बाद उनका यह बयान आया है। क्रिप्टो करेंसी नियमों पर दास ने कहा, 'जो दूसरे बाजार के लिए अच्छा है, जरूरी नहीं कि वह हमारे लिए भी अच्छा हो। इसलिए हमारे विचार, रिजर्व बैंक के और व्यक्तिगत रूप से मेरे वही रहेंगे।'

दास ने मिंट प्रकाशन द्वारा आयोजित बीएफएसआई शिखर सम्मेलन में यह बात कही। यह पूछे जाने पर कि क्या वह आगामी लेखानुदान को मुद्रास्फीति बढ़ाने वाला मानते हैं, उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के पिछले रिकार्ड को देखते हुए उन्हें नहीं लगता कि अंतरिम बजट से महंगाई बढेग्गी। गवर्नर ने रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से मूल्य वृद्धि को रोकने के लिए सरकार द्वारा आपूर्ति को लेकर उठाए गए कई उपायों का भी जिक्र किया।

■ अमेरिका में बिटकॉइन एक्सचेंज को सरकारी अनुमति मिलने पर आरबीआई गवर्नर की प्रतिक्रिया
■ दास ने कहा, मेरे विचार में अंतरिम बजट से नहीं बढ़ेगी महंगाई

### शेयर बाजार में तेजी जारी सेंसेक्स 63 अंक और चढ़ा

मुंबई (भाषा)।

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मामूली तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 63 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। कारोबार के दौरान बाजार में अच्छी तेजी थी लेकिन प्रमुख आईटी कंपनियों टीसीएस और इन्फोसिस के तिमाही नतीजों से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

अमेरिका और भारत में महंगाई और अन्य आर्थिक आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 63.47 अंक यानी 0.09 प्रतिशत चढकर 71,721.18 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 341.76 अंक तक चढ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 28.50 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की बढत के साथ 21,647.20 अंक पर बंद हुआ।

# सिंगापुर से सीधे अपने खातों में धन ले सकेंगे भारतीय

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के लोग अब प्रमुख यूपीआई और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे बैंकों के ऐप के माध्यम से तत्काल समय में सिंगापुर से सीधे अपने बैंक खातों में धन प्राप्त कर सकते हैं। इस सुविधा का उपयोग भीम, फोनपे और पेटीएम ऐप के उपयोगकर्ता कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त एक्सिस बैंक, डीबीएस बैंक इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक और एसबीआई जैसे बैंक अपने ऐप के माध्यम से यह सुविधा प्रदान करते हैं।

एनपीसीआई ने बयान में कहा कि और 'तीसरा पक्ष ऐप प्रदाता' (टीपीएपी) और बैंक ऐप जैसे बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, फेडरल बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, इंडसइंड बैंक, करूर वैश्य बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, साउथ इंडियन बैंक और यूको बैंक में भी जल्द ही ये सुविधा शुरू होने की संभावना है। एनपीसीआई ने कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और सिंगापुर के पेनाउ के बीच सीमापार समझौता भारतीयों को प्रवासियों से सीधे उनके बैंक खातों में तत्काल, सुरक्षित और लागत प्रभावी धन हस्तांतरण करने की सुविधा दे रहा है।

# सौ पेट्रोल पंप खोलेगी IPM

गुवाहाटी (भाषा)। ईंधन की खुदरा बिक्री करने वाली स्टार्टअप कंपनी इंडो पेट्रोलियम मार्केटिंग (आईपीएम) अगले पांच साल के भीतर देशभर में 100 पेट्रोल पंप स्थापित करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि वह अपना कारोबार असम से शुरू करेगी। दिल्ली की कंपनी ने देश में विभिन्न प्रकार के ईंधन बेचने के लिए अपना नेटवर्क शुरू करने को पहले ही 250 करोड़ रुपये का नेटवर्थ बना लिया है।

आईपीएम के संस्थापक ज्ञान प्रकाश शर्मा ने यहां कहा, 'आईपीएम ईंधन बेचने के लिए देशभर में खुदरा दुकानें या पेट्रोल पंप स्थापित करेगी। पहले चरण में, हम पांच साल के भीतर 100 पंप स्थापित करेंगे।' उन्होंने कहा कि कंपनी जमीनी स्तर पर परिचालन शुरू करने वाली पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा अधिकृत पहली स्टार्टअप निजी पेट्रोलियम विपणन कंपनी (ओएमसी) है। शर्मा ने कहा, 'हम असम से शुरुआत करेंगे। हमारी योजना अगले दो साल के भीतर दूरदराज के इलाकों में पांच खुदरा दुकानें स्थापित करने की है। पहला स्टेशन असम के जोरहाट जिले में खुलेगा।'

### GST आसूचना इकाई ने 1.98 लाख करोड़ की कर चोरी का पता लगाया

नई दिल्ली (भाषा)। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि जीएसटी आसूचना इकाई ने बीते साल 1.98 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी का पता लगाया। इस सिलसिले में 140 सरगनाओं को गिरफ्तार किया जो सरकारी खजाने को चूना लगाने में शामिल थे।

जीएसटी आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने 2023 में ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो, बीमा और कार्यबल से जुड़ी सेवाओं के आयात (सेकेंडमेंट) जैसे विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी चोरी का पता लगाया। मंत्रालय ने बयान में कहा, 'जीएसटी आसूचना महानिदेशालय ने अधिक संख्या में कर चोरी और स्वैच्छिक भुगतान के मामलों का पता लगाया है। बीते वर्ष डीजीजीआई ने 28,362 करोड़ रुपये के स्वैच्छिक भुगतान के साथ 1,98,324 करोड़ रुपये के कर चोरी से जुड़े 6,323 मामलों का पता लगाया। जीएसटी चोरी में शामिल 140 सरगनाओं को गिरफ्तार किया गया।'

मामलों की संख्या 2022 की तुलना में काफी अधिक है। उस साल 90,499 करोड़ रुपये की कर चोरी और स्वैच्छिक भुगतान के 22,459 करोड़ रुपये से जुड़े 4,273 मामले सामने आए। वहीं 97 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह अब तक 19% बढ़ा

नई दिल्ली (भाषा)।



प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध रूप से 19.41 प्रतिशत बढ़कर 14.70 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 81 प्रतिशत है। आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सरकार ने प्रत्यक्ष कर से चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 18.23 लाख करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के 16.61 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 9.75 प्रतिशत अधिक है। प्रत्यक्ष कर में व्यक्तिगत आयकर और कंपनी कर शामिल हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बयान में कहा, 'रिफंड के बाद प्रत्यक्ष कर संग्रह शुद्ध रूप से 14.70 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि में वसूले गए प्रत्यक्ष कर संग्रह के मुकाबले 19.41 प्रतिशत अधिक है।

यह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बजट में निर्धारित प्रत्यक्ष कर अनुमान का 80.61 प्रतिशत है।' आयकर विभाग के अनुसार, एक अप्रैल, 2023 से 10 जनवरी, 2024 तक 2.48 लाख करोड़ रुपये करदाताओं को लौटाये गये हैं।

# गोवा में पर्यटकों की आमद प्रभावित

पणजी (भाषा)।

राज्य के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध तथा पश्चिम एशिया में इज़राइल संलिप्तता वाले संघर्ष के कारण इन देशों से गोवा में पर्यटकों की नियमित आमद कम हो गई है।

खौंटे ने बुधवार को यहां तटीय राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गोवा की नई पहल के शुभारंभ के मौके पर पत्रकारों से कहा कि रूस, यूक्रेन और इज़राइल तीन देश हैं जहां से गोवा में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। मंत्री ने कहा, '' जिस संकट में ये देश हैं, उससे गोवा में पर्यटकों की नियमित आमद कम हो गई है।' खौंटे ने कहा कि घरेलू पर्यटक की बढती संख्या से इससे काफी हद तक निपटने में मदद मिली है। हालांकि इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटक गोवा में औसतन आठ दिन रुकते हैं, जबकि घरेलू पर्यटकों का औसत प्रवास चार दिन होता है।




मंत्री ने कहा, 'वर्तमान में पर्यटन राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 16 प्रतिशत का योगदान देता है। हम चाहते हैं कि अगले तीन वर्षों में यह बढकर 20 से 24 प्रतिशत हो जाए।'

# गूगल में हुई बड़ी छंटनी

सैन फ्रांसिस्को (एपी)। गूगल ने लागत में कटौती के उपायों के तहत अपनी हार्डवेयर, वॉयस असिस्टेंस और इंजीनियरिंग टीम में काम करने वाले सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह छंटनी इसलिए की गई है क्योंकि गूगल कंपनी की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं और आगे आने वाले महत्वपूर्ण अवसरों में जिम्मेदारी से निवेश करने की ओर अग्रसर है।

बयान में कहा गया, 'कुछ टीमें इस प्रकार के संगठनात्मक परिवर्तन करना जारी रख रही हैं। इसमें विश्वस्तर पर कुछ पद समाप्त करना शामिल है।' गूगल ने पहले कहा था कि वह कुछ सौ पद समाप्त कर रही है, जिसका अधिकतर प्रभाव उसके संवर्धित हार्डवेयर दल पर पड़ेगा। यह कटौती गूगल और उसकी मूल कंपनी अल्फाबेट के अधिकारियों द्वारा लागत कम करने के संकल्प के बाद की गई है। करीब एक साल पहले गूगल ने कहा था कि वह 12,000 कर्मचारियों या अपने कार्यबल के करीब छह प्रतिशत को बाहर का रास्ता दिखाएगी। इस सप्ताह की शुरुआत में, अमेज़न ने अपनी प्राइम वीडियो और स्टूडियो इकाइयों में सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था।

### गूगल ने जताई तेलंगाना सरकार के साथ काम करने की इच्छा

हैदराबाद (भाषा)।

गूगल के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर थोटा ने बृहस्पतिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के साथ शिष्टाचार मुलाकात की और राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की।

कृत्रिम-मेधा के हर क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना पर गूगल के अधिकारी ने कहा कि उनकी कंपनी कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य में राज्य के लिए डिजिटलीकरण एजेंडा विकसित करने को सरकार के साथ साझेदारी कर सकती है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 'गूगल के उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर थोटा ने मुख्यमंत्री से तेलंगाना में निवेश पर चर्चा की और सरकार के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जाहिर की।'

बयान में थोटा के हवाले से कहा गया कि कंपनी के पास तेलंगाना के नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने की प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता है। रेड्डी ने गूगल मैप्स और गूगल अर्थ मंच का उपयोग करके सड़क सुरक्षा में सुधार के तरीकों पर भी चर्चा की।

# गोल्ड ईटीएफ में निवेश छह गुना होकर 2,820 करोड़ रुपए पर

नई दिल्ली (भाषा)।

सोने में निवेश से जुड़े वित्तीय उत्पाद गोल्ड एक्सचेंज ट्रेड फंड (ईटीएफ) में निवेश बीते वर्ष इससे पिछले साल की तुलना में छह गुना होकर 2,820 करोड़ रुपए रहा। निवेशक उच्च महंगाई दर, इसे काबू में लाने के लिए ब्याज दर में वृद्धि तथा वैश्विक स्तर पर तनाव के बीच सुरक्षित माने जाने वाले इस परंपरागत निवेश उत्पाद को तरजीह दे रहे हैं।

म्यूचुअल फंड उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ के अंतर्गत संपत्ति आधार और निवेशकों के खातों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है।

गोल्ड ईटीएफ, एक्सचेंज में कारोबार वाला कोष (ईटीएफ) है। यह घरेलू भौतिक सोने के भाव पर नजर रखता है। यह कोष आधारित निवेश उत्पाद है, जो सोने की कीमतों पर आधारित होता है और इसके तहत सोने में निवेश किया जाता है।

आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ में 2023 में 2,290 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। यह 2022 के 459 करोड़ रुपए के प्रवाह से कहीं अधिक है। बीते वर्ष सिर्फ अगस्त में इस कोष में 1,028 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो 16 माह का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

सुरक्षित निवेश को लेकर सोने के प्रति आकर्षण बना हुआ है। महंगाई से उत्पन्न जोखिम से बचाव को लेकर लोग इसमें निवेश कर रहे हैं। मुख्य रूप से महंगाई बढ़ने, इसे काबू में लाने के लिए ब्याज दर में वृद्धि तथा वैश्विक स्तर पर जारी तनाव के साथ निवेशक सुरक्षित माने जाने वाले सोने में निवेश को तरजीह दे रहे हैं।



मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, 'ऊंची मुद्रास्फीति और उसके बाद ब्याज दर में बढोतरी से सोने के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इसके अलावा इजराइल और हमास के बीच युद्ध के कारण बढ़े वैश्विक तनाव ने इसे निवेशकों के लिए एक आकर्षक और सुरक्षित निवेश विकल्प बना दिया है।' जेरोधा फंड हाउस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विशाल जैन ने कहा कि भारतीयों का भौतिक सोने के साथ सदियों पुराना जुड़ाव रहा है। जबकि गोल्ड ईटीएफ जैसे निवेश उत्पाद अपनाने के मामले में वे धीमे रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'समय के साथ डिजिटलीकरण का उपयोग बढने और व्यापक रूप से उत्पादों की उपलब्धता के साथ निवेशक गोल्ड ईटीएफ के विकल्प का चयन सहजता के साथ कर रहे हैं। हमने जो अस्थिरता देखी है, उसे देखते हुए सोने में निवेश एक अच्छा कदम है।'

निवेश बढ़ने के साथ गोल्ड फंड के अंतर्गत प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां दिसम्बर, 2023 के अंत में 27 प्रतिशत से अधिक बढकर 27,336 करोड़ रुपए पहुंच गई। एक साल पहले यह 21,455 करोड़ रुपए के स्तर पर थीं।

## खबर संक्षेप




### हैंपशर में हिस्सा खरीद सकती है कैपिटल्स

**लंदन।** इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली कैपिटल्स टीम इंग्लिश काउंटी क्रिकेट की हैंपशर टीम में हिस्सा खरीदने के लिये बातचीत की प्रक्रिया में है। रिपोर्ट के अनुसार हैंपशर के पूर्व अध्यक्ष रॉड ब्रांसग्रोव दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक जीएमआर समूह को यह काउंटी टीम बेचने के अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया, 'हैंपशर काउंटी क्रिकेट क्लब के अधिकांश शेयरों के मालिक इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली कैपिटल्स टीम के सह मालिक को अपना हिस्सा बेचने के लिए आगे के दौर की बातचीत कर रहे हैं।'

### हमारा ध्यान मजबूत ताकत बनने पर

**रांची।** स्ट्राइकर लालरेमसियामी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले क्वालीफाइंग



टूर्नामेंट में ओलंपिक कोटा हासिल करने के इरादे से मजबूत आक्रामक ताकत बनने के लिए अपने कौशल को निखारने और अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की मूवमेंट में सामंजस्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यहां 13 से 19 जनवरी तक होने वाले आठ देशों के इस टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में रहने वाली टीमें इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### नेपाल क्रिकेट संघ से लामिचाने निलंबित

**काठमांडो।** एक 18 वर्षीय युवती के बलात्कार के आरोप में आठ साल की जेल की सजा मिलने के बाद नेपाल के स्पिनर संदीप



लामिचाने को गुरुवार को देश के क्रिकेट संघ ने निलंबित कर दिया। काठमांडो जिला अदालत ने बुधवार को यह फैसला सुनाया और एक दिन बाद नेपाल क्रिकेट संघ ने यह घोषणा की। इसने कहा, 'हम आपको सूचित करते हैं कि संदीप लामिचाने को सजा मिलने के बाद उसे हर तरह की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधि से निलंबित कर दिया गया है।'

### निश्ना ने पेशेवर गोल्फ टूर में बनाई बढ़त

**पुणे।** निश्ना पटेल ने गुरुवार को यहां दूसरे दौर में पार 71 के स्कोर से 2024 महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पहले चरण में बढ़त बरकरार



रखी है। निश्ना का दो दौर के बाद कुल स्कोर पांच अंडर 137 है और उन्होंने हिताषी बक्शी पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। हिताषी ने दूसरे दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपने और निश्ना के बीच के अंतर को कम किया। निश्ना ने दूसरे दौर में एक बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर इवन पार रहा। हिताषी ने दूसरे दौर में चार बर्डी और तीन बोगी की।

### राशिद की गैर मौजूदगी में दूसरों के पास मौका

**मोहाली।** अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का मानना है कि भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला में राशिद खान की गैर मौजूदगी में उनकी टीम के बाकी खिलाड़ियों के पास शानदार प्रदर्शन



करके राशिद की तरह लोकप्रिय होने का मौका है। नवंबर में वनडे विश्व कप के बाद कमर की सर्जरी कराने वाले राशिद का नाम तो टीम में है लेकिन वह रिहैबिलिटेशन के कारण तीनों मैच नहीं खेल सकेंगे। ट्रॉट ने कहा, 'हमें राशिद की कमी खलेगी क्योंकि वह टीम के लिए पूरा पैकेज है। लेकिन यह भी देखना रोचक होगा कि उनके नहीं रहने पर कौन आगे बढ़कर दबाव झेलता है क्योंकि विश्व कप में अब कुछ ही महीने रह गए हैं।'

## आस्ट्रेलियन ओपन : स्वियाटेक-केनिन में होगा पहला मैच, जोकोविच का प्रतिद्वंद्वी तय नहीं

एजेंसी ▸▸| जकार्ता

**मेलबर्न।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियाटेक को आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन से खेलना है और दूसरे दौर में 2016 की चैंपियन एंजेलिक कर्बर या डेनियेले कोलिंस से टक्कर हो सकती है। गत चैंपियन नोवाक जोकोविच का प्रतिद्वंद्वी अभी तय नहीं हुआ है। वह तीसरे दौर में एंटी मर्रे और क्वार्टर फाइनल में सातवीं रैंकिंग वाले स्टेफानोस सिटसिपास से खेलना पड़ सकता है।



### ओसाका से भिड़ेगी गार्शिया

*टूर्नामेंट के ड्रॉ गुरुवार को निकाले गए जिसमें पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका का सामना पहले दौर में 16वीं रैंकिंग वाली कैरोलिन गार्शिया से होगा। अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ भी इसी ड्रॉ में है। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन कर्बर का सामना कोलिंस से होगा जिसने 2022 में यहां स्वियाटेक को सेमीफाइनल में हराया था। गत चैंपियन एरिना सबालेंका का सामना पहले दौर में एक क्वालीफायर से होगा। क्वार्टर फाइनल में तीसरी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना की टक्कर पांचवीं रैंकिंग वाली जेसिका पेगुला से हो सकती है। वहीं पुरुष वर्ग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज का सामना छठी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हो सकता है।*

### मुख्य ड्रा में पहुंचने से एक जीत दूर नागल



**मेलबर्न।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने गुरुवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के फाइनल राउंड में प्रवेश किया जिससे वह इस ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में पहुंचने से केवल एक जीत दूर हैं। नागल ने दूसरे क्वालीफाइंग मैच में आस्ट्रेलिया के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी एडवर्ड विंटर को एक घंटे चार मिनट में 6-3, 6-2 से पराजित किया। अब सत्र के शुरुआती ग्रैंडस्लैम में जगह बनाने के लिए 26 साल के भारतीय खिलाड़ी का सामना शुक्रवार को फाइनल राउंड में स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकोन से होगा।

## क्रिकेट : तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में बनाई 1-0 से बढ़त

# भारत ने अफगानिस्तान को छह विकेट से हराया, दुबे की फिफ्टी

एजेंसी ▸▸| मोहाली

भारत ने गुरुवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले में अफगानिस्तान पर छह विकेट की आसान जीत से तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। अफगानिस्तान ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पांच विकेट पर 158 रन बनाए। पर यह लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था और भारत ने 17.3 ओवर में चार विकेट पर 159 रन बनाकर जीत हासिल की। इसी के साथ टीम इंडिया ने अफगान के खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड जारी रखा है।

यह भारत की अफगानिस्तान पर टी-20 में 5वीं जीत है। एशियाई खेलों के बाद अपना पहला टी20 खेल रहे शिवम दुबे (नाबाद 60 रन) ने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। दुबे और तिलक वर्मा (26 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 29 गेंद में 44 रन जोड़े जिससे भारत ने चार ओवर में सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवाने के बावजूद लय हासिल की। पारी की दूसरी ही गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा गफलत का शिकार हुए जिनकी 14 महीने बाद टी20 टीम में वापसी हुई। रोहित ने एक रन लेने के लिए शुभमन गिल (23 रन) को पुकारा लेकिन वह मिड ऑफ पर देख रहे थे और उन्होंने रोहित को भागते हुए नहीं देखा। गिल अपनी क्रीज पर खड़े रहे और फिर रोहित भी उनकी तरफ पहुंच गए। विकेटकीपर ने थ्रो लेकर आसान रन आउट किया। इसके बाद रोहित अपनी नाराजगी छिपा नहीं सके।

### सीरीज का दूसरा मुकाबला 14 को इंदौर में खेला जाएगा




### पहली द्विपक्षीय सीरीज

भारत के खिलाफ अफगानिस्तान टीम की यह ऐतिहासिक सीरीज है। दरअसल, भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक सिर्फ एक ही इंटरनेशनल द्विपक्षीय सीरीज खेली गई है। यह टेस्ट सीरीज थी, जो जून 2018 में हुई थी। तब उस द्विपक्षीय सीरीज के तहत सिर्फ एक ही टेस्ट मैच खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम ने पारी और 262 रनों के अंतर से जीत दर्ज की थी। इसके अलावा भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक वनडे और टी20 में कोई भी द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली गई है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच यह पहली टी20 सीरीज होने वाली है। जबकि अफगानिस्तान को भारत के खिलाफ अपनी पहली वनडे सीरीज का इंतजार है।

### नबी ने बनाए 42 रन

मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तानी टीम ने 5 विकेट पर 158 रन बनाए थे। टीम के लिए मोहम्मद नबी ने सबसे ज्यादा 42 रनों की पारी खेली। जबकि अजमतुल्ला उमरजई ने 29 रन बनाए। मैच में नबी और उमरजई ने चौथे विकेट के लिए 43 गेंदों पर 68 की पार्टनरशिप की। भारत के लिए अक्षर पटेल और मुकेश कुमार ने 2-2 विकेट झटके। एक सफलता शिवम दुबे ने लिया।

### स्कोर बोर्ड

| अफगानिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज स्ट जितेश बो पटेल | 23 | 28 | 2 | 1 |
| जदरान का रोहित बो दुबे | 25 | 22 | 2 | 1 |
| ओमरजई बो मुकेश कुमार | 29 | 22 | 2 | 1 |
| रहमत शाह बो पटेल | 03 | 06 | 0 | 0 |
| नबी का रिंकू सिंह बो मुकेश | 42 | 27 | 2 | 3 |
| नजीबुल्लाह जदरान नाबाद | 19 | 11 | 4 | 0 |
| करीम जन्नत नाबाद | 09 | 05 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 158/5

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-1-28-0, मुकेश 4-0-33-2, अक्षर 4-0-23-2, सुंदर 3-0-27-0, शिवम 2-0-9-1, बिश्नोई 3-0-35-0.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा रन आउट | 00 | 02 | 0 | 0 |
| गिल स्ट गुरबाज बो मुजीबुर | 23 | 12 | 5 | 0 |
| तिलक का नईब बो ओमरजई | 26 | 22 | 2 | 1 |
| शिवम दुबे नाबाद | 60 | 40 | 5 | 2 |
| जितेश का इब्राहिम बो मुजीबुर | 31 | 20 | 5 | 0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 16 | 09 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 17.3 ओवर में 159/4

गेंदबाजी : फारुकी 3-0-26-0, मुजीबुर 4-1-21-2, नबी 2-0-24-0, नवीनुल हक 3.3-0-43-0, ओमरजई 4-0-33-1, नईब 1-0-12-0.



### सात्विक और चिराग मलेशिया ओपन के क्वार्टर में पहुंचे

एजेंसी ▸▸| कुआलालम्पुर

भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि किदाम्बी श्रीकांत दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने फ्रांस के 36वीं रैंकिंग वाले लुकास कोरवी और रोनान लबार को 21-11, 21-18 से हराया।



पिछले साल छह खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी का सामना अब चीन के ही जि तिंग और रेन शियांग यू से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 खिताब जीतने वाली अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने वकाना नागाहारा और मायु मात्सुमोतो की जापान की सातवीं वरीय जोड़ी को 21-19, 13-21, 21-15 से हराकर उलटफेर किया और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अपना दावा मजबूत किया। श्रीकांत अपनी गलतियों पर काबू नहीं रख सके और हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से दूसरे दौर में सीधे गेम में हार गए। कई सहज गलतियों और गलत लाइन कॉल के कारण विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज श्रीकांत को दुनिया के 20वें नंबर से खिलाड़ी का लोंग से 13-21, 17-21 से पराजय झेलनी पड़ी।

## अमन ने जगरेब ओपन में जीता स्वर्ण, वान्हाओ को 10-0 से रौंदा



एजेंसी ▸▸| जगरेब

भारतीय पहलवान अमन सेहरावत ने जगरेब ओपन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट में चीन के दुनिया के सातवें नंबर के पहलवान वान्हाओ जोउ को 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। सेहरावत ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। पिछले कुछ समय से विवादों से जूझ रहे भारतीय कुश्ती जगत के लिए यह अच्छी खबर रही।

भारतीय दल यहां युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के बैनर में खेल रहा है क्योंकि समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण भारतीय कुश्ती महासंघ को पिछले साल निलंबित कर दिया गया था। 13वीं रैंकिंग वाले अमन ने तुर्किए के मुहम्मद कारावुस के खिलाफ 15-4 से जीत के साथ आगाज किया।

हांगझोउ एशियाई खेलों में 57 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले अमन ने 19वीं रैंकिंग वाले अमेरिका के रिचडर्स जेन राये रोड्स को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 11-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंतिम चार में उन्होंने जॉर्जिया के रॉबर्टी डी को 11-0 से मात दी। वहीं फाइनल में जोउ को हराया।

## मुक्केबाजी महासंघ आयोजित करेगा 'टैलेंट हंट' कार्यक्रम

*नई दिल्ली।* *भारतीय मुक्केबाजी महासंघ विद्युत कंपनी आरईसी लिमिटेड के साथ मिलकर पुणे के सैन्य खेल संस्थान में 'वेस्टर्न ओपन टैलेंट हंट' कार्यक्रम का आयोजन करेगा। यह एलीट और युवा वर्ग की प्रतियोगिता 12 से 19 जनवरी तक होगी। बीएफआई ने पूरे देश में पुरुष और महिला मुक्केबाजों दोनों के लिए एलीट, युवा, जूनियर और सब-जूनियर वर्गों के लिए चार 'ओपन' शुरुआती टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना बनाई है जिस कड़ी में यह पहली प्रतियोगिता होगी। इन टूर्नामेंट में अपना कौशल दिखाने के लिए कोई भी मुक्केबाज भाग ले सकता है। बीएफआई महासचिव हेमंत कुमार कलिता ने कहा, 'बीएफआई और आरईसी भारतीय मुक्केबाजी के विकास के लिये प्रतिबद्ध हैं और यह 'आरईसी ओपन टैलेंट हंट' कार्यक्रम देश भर की उभरती हुई प्रतिभा को पहचानने और उन्हें तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जिन मुक्केबाजों के पास कौशल और काबिलियत है, यह उनके लिए प्रभावित करने का बड़ा मौका है।'*



## रिदम ने भारत के लिए हासिल किया 16वां ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▸▸| जकार्ता

रिदम सांगवान पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाली भारत की 16वीं निशानेबाज बन गई जिन्होंने यहां एशियाई क्वालीफायर में 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत अब ओलंपिक खेलों में निशानेबाजी में अपना सबसे बड़ा दल भेजेगा। भारत ने जुलाई अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी के लिए सबसे ज्यादा कोटा हासिल कर लिए हैं। इससे पहले टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत के 15 निशानेबाजों ने भाग लिया था। एशियाई क्वालीफायर में भारत का यह तीसरा ओलंपिक कोटा है।



### रिदम ने जीता कांस्य पदक

इससे पहले ईशा सिंह और वरुण तोमर 10 मीटर एयर पिस्टल महिला और पुरुष वर्ग में कोटा हासिल कर चुके हैं। रिदम फाइनल में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही लेकिन यह उन्हें पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाने के लिए काफी था। चीन की यांग जिन को 41 अंक के साथ स्वर्ण और कोरिया की किम येजी को 32 अंक के साथ रजत पदक मिला। एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में यह रिदम का दूसरा कांस्य पदक है। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में भी तीसरा स्थान हासिल किया था। इस वर्ग में वह ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर सकी थी।

## टी20 विश्व कप को लेकर पूर्व भारतीय आल राउंडर रैना का अनुमान

# कोहली, रोहित की मौजूदगी से भारत मजबूत

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

पूर्व भारतीय आल राउंडर सुरेश रैना ने विश्व कप को देखते हुए अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने को गुरुवार को समझदारी भरा फैसला करार दिया।

रोहित और कोहली की 14 महीने बाद भारत की टी20 टीम में वापसी हुई है। रैना ने कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलेगी। रैना 'जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स18' में विशेषज्ञ हैं, उन्होंने कहा, 'अगर आप विश्व कप के अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्टेडियम को देखो तो विकेट थोड़ा पेचीदा होगा। भारत को वहां पर रोहित और कोहली के अनुभव की जरूरत होगी। कोहली टी20 क्रिकेट में 12,000 रन बनाने के करीब हैं।इसलिए इनकी मौजूदगी से भारत की बल्लेबाजी मजबूत होगी और भारत की टी20 विश्व कप में जीतने की संभावना भी निश्चित रूप से बेहतर होगी। वनडे विश्व कप में उनकी फॉर्म बहुत अच्छी थी और बतौर कप्तान रोहित की मौजूदगी से ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों का जज्बा मजबूत होता है।'रैना की राय में कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करानी चाहिए और पारी का आगाज करने की जिम्मेदारी रोहित और यशस्वी जायसवाल की होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। टीम में युवा और निर्भीक क्रिकेटर जैसे जायसवाल, रिंकू सिंह या शुभमन गिल मौजूद हैं लेकिन रोहित और कोहली बल्लेबाजी इकाई को मजबूती देंगे।'



### रिंकू निर्भीक क्रिकेटर

भारत की 2007 और 2011 विश्व कप जीत में टीम का हिस्सा रहे रैना ने रिंकू की प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'रिंकू को जो भी मौके मिले हैं, उसने उसमें काफी अच्छा किया है, उसने बतौर फिनिशर भी काफी सूझबूझ का परिचय दिया है। वह निर्भीक क्रिकेटर है। उसका रहना महत्वपूर्ण है और अगर ऋषभ पंत विश्व कप के लिए समय रहते फिट हो जाते हैं तो टीम के पास एक और मैच विजेता होगा।'रैना ने विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए संजू सैमसन को अपनी पहली पसंद बताते हुए उन्हें 'एक्स फैक्टर' करार दिया।

## स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड पुरस्कारों के लिए 'बार्बी', 'ओपेनहाइमर' नामित

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड (एसएजी) अवाड्र्स के लिए 'ओपेनहाइमर', 'बार्बी' और 'अमेरिकन फिक्शन' को कई श्रेणियों में नामित किया गया, जबकि सर्वश्रेष्ठ पुरुष अभिनेता श्रेणी के लिए नामित होने वालों की सूची में लियोनार्डो डिकैप्रियो अपनी जगह नहीं बना पाए। 'गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड' की ही तरह ग्रेटा गेरविग की 'बार्बी' और क्रिस्टोफर नोलन की 'ओपेनहाइमर' बुधवार को कई श्रेणियों में नामित किया गया। प्रत्येक फिल्म को सर्वश्रेष्ठ कलाकार सहित चार श्रेणियों में नामित किया गया। मार्गोट रोबी और रयान गोसलिंग को 'बार्बी' में उनके प्रदर्शन के लिए नामित किया गया जबकि सिलियन मर्फी, रॉबर्ट डाउनी जूनियर और एमिली ब्लंट को 'ओपेनहाइमर' के लिए नामित किया गया।



'बार्बी' और 'ओपेनहाइमर' का हॉलीवुड के पुरस्कार समारोह में शानदार प्रदर्शन बरकरार है जैसा की उनकी कमाई के मामले में भी था। कॉर्ड जेफरसन के 'अमेरिकन फिक्शन' को तीन श्रेणियों में नामित किया गया। वहीं, जेफ्री राइट को सर्वश्रेष्ठ पुरुष अभिनेता और स्टर्लिंग के. ब्राउन को सह-पुरुष अभिनेता के रूप में नामित किया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए ब्रेडली कूपर (माइस्ट्रो), कोलमैन डोमिंगो (रस्टिन), पॉल गियामैटी (द होल्डओवर्स), मर्फी और राइट को नामित किया गया। वहीं, यह माना जा रहा था कि डिकैप्रियो, को मार्टिन स्कोरसी की फिल्म 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में उनके अभिनय के लिए उन्हें नामित किया जाएगा।



## अजय देवगन की बड़ी प्रशंसक हैं वाणी कपूर

**मुंबई (आईएएनएस)।** 'रेड 2' में अजय देवगन के साथ अभिनय करने को लेकर अभिनेत्री वाणी कपूर बेहद रोमांचित हैं। उन्होंने कहा कि वह उनके काम की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं। वाणी ने कहा: कलाकारों के पास हमेशा उन लोगों की एक बकेट लिस्ट होती है जिनके साथ वह कोई रचनात्मक सहयोग करना चाहते है। मैं हमेशा से अजय देवगन के काम की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। मुझे लगता है कि सेट पर उनके साथ काम करने से एक कलाकार के रूप में मेरे अनुभव को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। रेड सबसे मनोरंजक प्रासंगिक फिल्मों में से एक है और इसमें अजय सर का जबरदस्त अभिनय था। यह फिल्म 6 जनवरी को मुंबई में फ्लोर पर आ गई है और इसमें निर्देशक राजकुमार गुप्ता और निर्माता भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार एक साथ आए हैं। फिल्म की बड़े पैमाने पर शूटिंग मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में होने वाली है।



## 71% भारतीय स्मार्टफोन यूजर्स डिवाइस बदलने को तैयार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि करीब 71 प्रतिशत भारतीय स्मार्टफोन यूजर्स ओएस (ऑपरेटिंग सिस्टम) अनुभव के आधार पर अपनी डिवाइस को बदलने के लिए तैयार हैं। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के अनुसार, लगभग 88 प्रतिशत स्मार्टफोन यूजर्स अपने मौजूदा स्मार्टफोन ओएस से संतुष्ट हैं। सीएमआर में इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप के प्रमुख प्रभु राम ने कहा, एक असाधारण स्मार्टफोन यूजर्स अनुभव की खोज में, उपभोक्ता न केवल बाहरी हार्डवेयर बल्कि स्मार्टफोन ओएस और ऐप अनुभव को भी प्राथमिकता देते हैं। स्मार्टफोन यूजर्स इंटेलिजेंस ओएस एन्हांसमेंट को ज्यादा महत्व देते हैं, जो उनके फोन पर बिना बाधा के लैग-फ्री अनुभव प्रदान करते हैं। यूजर्स उन अनुकूलन की भी सराहना करते हैं जो डिजिटल वेल-बीइंग को बढ़ाते हैं और बैटरी लाइफ की हिफाजत में योगदान देते हैं। सर्वे में प्रमुख भारतीय शहरों के 2,571 स्मार्टफोन यूजर्स शामिल थे। जिसमें से 83 प्रतिशत ने अपनी संतुष्टि और खुशी के लिए ओएस के महत्व पर जोर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, उपयोग में आसानी (56 प्रतिशत), सुरक्षा (54 प्रतिशत) और फास्टर लॉन्च टाइम (54 प्रतिशत) उपभोक्ताओं के लिए स्मार्टफोन ओएस के विचारों को नियंत्रित करते हैं। भारतीय यूजर्स अपने स्मार्टफोन ओएस को अपडेट करते समय डेटा सुरक्षा बढ़ाने (65 प्रतिशत) और प्रदर्शन (62 प्रतिशत) को बढ़ाने को प्राथमिकता देते हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि ओएस को अपडेट करने में आने वाली बाधाओं में आवश्यकता की कमी (42 प्रतिशत) और अपर्याप्त स्टोरेज स्पेस (35 प्रतिशत) शामिल हैं।



## प्रधानमंत्री मोदी ने अजमेर शरीफ के लिए चादर भेंट की



**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को मुस्लिम समुदाय के सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उन्हें एक चादर भेंट की जिसे उनकी ओर से अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चढाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मुस्लिम समुदाय के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान मैंने पवित्र चादर पेश की, जिसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के दौरान मशहूर अजमेर शरीफ दरगाह पर चढाया जाएगा।' इस मुलाकात के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, दिल्ली हज कमेटी की अध्यक्ष कौसर जहां, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य तारिक मंसूर तथा कुछ अन्य लोग मौजूद थे। स्मृति ईरानी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'हज़रत ख़्वाजा गरीब नवाज़ के 812वें उर्स के मौके पर, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज मुस्लिम समाज से आए हुए लोगों को चादर सुपुर्द की।' उन्होंने कहा, 'हमारा देश विविधता में एकता का उत्सव मनाते हुए आज तेज़ गति से आगे बढ रहा है। सूफी संतों के आशीर्वाद से देश इसी तरह तरक्की करे और देशवासियों के जीवन में सेहत-सलामती बरकरार रहे।'

## फिल्म अर्धनारी 2 का लुक रिलीज



**मुंबई (वार्ता)।** रामा प्रसाद प्रोडक्शन एवं चन्द्रवर्षा इंटरटेनमेंट प्रा. लि. प्रस्तुत फिल्म अर्धनारी 2 का लुक रिलीज हो गया है। फिल्म अर्धनारी 2 में यश कुमार और अवधेश मिश्रा मुख्य भूमिका में नजर आने वाले है। इस फिल्म के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, रामा प्रसाद, मोनिका सिंह और चंद्रेश मेहता है, जबकि निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) है। इस फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा कि अर्धनारी एक शानदार फिल्म थी। उसकी सफलता के बाद इस फिल्म को बनाया जा रहा है। अर्धनारी 2 एक संजीदा फिल्म है।

## खेसारीलाल की फिल्म का गाना 'राम जी की जय हनुमान जी जय' रिलीज



**मुंबई (वार्ता)।** एस आर के म्यूजिक प्रस्तुत खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती का गाना राम जी की जय हनुमान जी जय रिलीज हो गया है। गाना दिलेर मेंहदी ने गाया है। फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रौशन सिंह और सह निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं। निर्देशक प्रेमांशु सिंह है। फिल्म में खेसारीलाल यादव, रति पांडे और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, मीर सरवर, अमित तिवारी, समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैश, ज्योति कलश, संजय महानंद, रीना रानी, श्रद्धा नवल, सुजान सिंह, सोनू पांडेय, रितु चौहान, रिंकू भारती, नेहा पाठक, खुशबू यादव, संजय वर्मा, अखिलेश कुमार अक्की, सूर्या द्विवेदी, निकिता भारद्वाज और चाहत प्रमुख भूमिका में है। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। संगीतकार ओम झा है। गीतकार प्यारेलाल यादव ,अरविंद तिवारी, राकेश निराला, डॉ कृष्णा एन शर्मा और सत्य सावरकर है।

## भोजपुरी लोकगीत 'जियल काल कइले बाड़ी' रिलीज

**मुंबई (वार्ता)। गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री अंजली पांडेय का लोकगीत 'जियल काल कइले बाड़ी' रिलीज हो गया है। भोजपुरी लोकगीत वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है, जो सास और बहू के बीच के खटास भरे रिश्ते को लेकर बनाया गया है। लोकगीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गीतकार और संगीतकार यादव राज हैं। वीडियो निर्देशक आर्यन देव हैं।**




## 09 फरवरी को रिलीज होगी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और कृति सैनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 09 फरवरी को रिलीज होगी। शाहिद कपूर और कृति सैनन की जोड़ी जल्द ही एक रोमांटिक फिल्म में नजर आयेगी।निर्माता दिनेश विजान की इस फिल्म के टाइटल की अनाउंसमेंट हो गई है । इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी बताई गई है। शाहिद कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैडल पर इस फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए बताया है कि फिल्म की नाम 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' है। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और अराधना शाह ने किया है।

## दिसम्बर में कोविड-19 से लगभग 10,000 की मौत डब्ल्यूएचओ





**जिनेवा (एपी)।** संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि छुट्टियों के दौरान लोगों की भीड़-भाड़ और दुनियाभर में फैल रहे वायरस के नए स्वरूप के कारण पिछले महीने संक्रमण के मामले बढ़े।डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने कहा कि संक्रमण के कारण दिसम्बर में करीब 10,000 लोगों की मौत हुई जबकि करीब 50 देशों में अस्पतालों में मरीजों के भर्ती होने का आंकड़ा 42 प्रतिशत बढ़ गया। इनमें ज्यादातर यूरोप और अमेरिका से हैं। महानिदेशक ने जिनेवा में अपने मुख्यालय से पत्रकारों से कहा, 'हालांकि महामारी के चरम के हिसाब से एक महीने में 10,000 लोगों की मौत का आंकड़ा कम है।'उन्होंने कहा कि यह निश्चित है कि मामले अन्य जगहों पर भी बढ़े हैं जिनकी सूचना नहीं मिली है। उन्होंने सरकारों से निगरानी बनाए रखने और उपचार एवं टीके उपलब्ध कराने की अपील की। टेड्रोस ने कहा कि जेएन.1 स्वरूप अभी दुनिया में वायरस का सबसे प्रमुख स्वरूप बन गया है। यह वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप से उत्पन्न हुआ है।

डब्ल्यूएचओ में कोविड-19 के लिए तकनीकी प्रमुख मारिया वान केरखोव ने कोरोना वायरस के साथ-साथ फ्लू, राइनोवायरस और निमोनिया के कारण दुनिया भर में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि का हवाला दिया। डब्ल्यूएचओ के अधिकारियों ने सलाह दी है कि लोगों को टीका लगवाना चाहिए, मास्क पहनना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि घर के अंदर हवा आने जाने की अच्छी व्यवस्था हो ।

**करीब 50 देशों में अस्पतालों में मरीजों के भर्ती होने का आंकड़ा 42 प्रतिशत बढ़ गया।**

## रजनीकांत ने कहा था मैं 'बड़ी स्टार' बनूंगी मालविका

**मुंबई (आईएएनएस)। अपनी फिल्म 'पेट्टा' की रिलीज के पांच साल पूरे होने पर अभिनेत्री मालविका मोहनन ने सुपरस्टार रजनीकांत के साथ काम करने को लेकर खुलकर बात की। एक्स पर मालविका ने एक लंबी पोस्ट शेयर की, जो उन्होंने रजनीकांत के सम्मान में लिखी। रजनीकांत ने उनकी कला में भरोसा और विश्वास दिखाया था। उन्होंने स्टार के साथ और फिल्म से कुछ तस्वीरें भी शेयर की। वह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने फिल्म में मेरे 'पिता की मौत के दृश्य' के ठीक बाद मेरे लिए ताली बजाई थी। मालविका को तब याद आया कि कैसे उन्होंने कहा था कि वह एक दिन बड़ी स्टार बनेंगी।**

# 17 वर्ष पूराने दीनू यादव हत्याकांड में आया कोर्ट का फैसला, सभी आरोपी दोषमुक्त




प्रखर पूर्वाचल वाराणसी। 17 वर्ष पूराने दशाश्वमेध थाना क्षेत्र में ठेकेदारी को लेकर हुए दीनू यादव की हत्या व एक अन्य पर जानलेवा हमले के मामले में सत्र न्यायाधीश डा. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने मुख्य आरोपी राहुल यादव समेत पांच आरोपितों को अभियोजन द्वारा आरोप सिद्ध न कर पाने पर दोषमुक्त कर दिया` अदालत ने जिन अन्य आरोपियों को बरी किया उनमें प्रिंस उर्फ ओंकार सिंह, पंकज प्रजापति, राजेश सोनकर और श्याम नारायण अग्रहरी शामिल है अदालत में विचारण के दौरान दो अन्य आरोपी बबलू उर्फ देवेश पांडेय, कमल सिन्हा उर्फ कमल मुर्गा की मौत हो गई अदालत में आरोपियों की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, बृजपाल सिंह यादव, कृष्णा यादव ईलू ने पक्ष रखा`

**ठेकेदारी और वसूली को लेकर हुई थी हत्या** – प्रकरण के अनुसार मामले के वादी नारायण ने 10 अप्रैल 2006 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी आरोप था कि वह सुबह सवा पांच अपने आवास से पैदल अगस्तकुंडा से दशाश्वमेघ स्थित अपने दुकान मछली मंडी जा रहा था जब वह खालिसपुरा में मृतक दीनू सरदार के घर के पास पहुंचा तो दो लड़के एक बाइक पर सवार होकर वहां पहुंचे और एक के कमर में पिस्टल थी और दूसरे ने अपने हाथ में लिए पिस्टल से उसके भाई राजू सोनकर को जान से मारने की नियत से उस पर फायर करने लगा उसके भाई ने उसका हाथ पकड़ लिया तभी बाइक सवार दूसरा युवक उसके भाई पर गोली चलाने लगा जिससे उसके भाई के पेट व जांघ में गोली लग गई और वह वहीं गिर गया उसी दौरान दीनू सरदार मौके पर आ गया और बदमाशों द्वारा चलाई जा रही गोली उसे भी लग गई वह अपने घर जाकर गिर पड़ा।

दोनों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां दीनू की मौत हो गई। वादी ने तहरीर में कहा कि गोली चलाने वाले नई उम्र के थे यह घटना ठेकों और वसूली को लेकर बबलू पाण्डेय, अमित सिंह व प्रिंस ने कराई है और उसने गोली चलाने वालों को देखा है अदालत में अभियोजन की तरफ से कुल 10 गवाह पेश किए गए। अदालत ने विचारण के बाद कहा कि अभियोजन यह साबित करने में सफल नहीं हो पाया कि 9 अप्रैल की रात के समय कमल मुर्गा वाले के घर पर ठेकेदारी की रंजिश के कारण उन लोगों ने राजू सोनकर की हत्या करने का षडयंत्र किया और हत्या का समय निर्धारित किया इसी षडयंत्र के तहत 10 अप्रैल 2006 की सुबह सवा 5 बजे आरोपी राहुल यादव दो अन्य आरोपितों को निर्देश देकर हत्या करने के इरादे से गोली चलवाई। अदालत ने कहा कि हत्या के षडयंत्र के आरोप से ओंकार सिंह,पंकज प्रजापति,श्याम नारायण अग्रहरी और राजेश सोनकर को बरी किया जाता है साथ ही राहुल यादव को आग्नेयास्त्र से फायर करके हत्या करने का आरोप साबित नहीं होने पर बरी किया जाता है।

## गाँवों में पेयजल एवं स्वच्छता मिशन कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए आउटडोर एल. ई.डी. होर्डिंग प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर किया गया रवाना



प्रखर संतकबीरनगर। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ग्रामीण जनता के उत्थान के लिए समय-समय पर जन कल्याणकारी योजनाओं को चला कर लगातार कोशिश जारी हैं । मोदी सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट हैं हर घर नल,हर घर जल। प्रधानमंत्री की उम्दा सोच है की ग्रामीणों को पीने के लिए स्वच्छ पानी मुहैया हो इसके लिए गांव-गांव युद्ध स्तर पर जल जीवन मिशन के तहत विकास कार्य कराए जा रहे हैं।। ग्रामीणों को उसके बारे में जागरूक करने हेतु प्रचार प्रसार भी खूब बड़े पैमाने से किया जा रहा हैं। इसी क्रम में विकास खण्ड सेमरियावां सहायक विकास अधिकारी पंचायत मैनुद्दीन सिद्धिकी व डीपीएमयू से दीपक चौधरी और राधे श्याम यादव,ग्राम प्रधान एवं अन्य अधिकारी गण द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन , नमामि गंगे तथा ग्रामीण जिला पूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन जल जीवन मिशन हर घर जल के अंतर्गत आउटडोर एल.ई. डी.,होर्डिंग एक्शन फॉर रूलर डेवलपमेंट की टीम को हरी झंडी दिखाकर विकास खंड स्तरीय व राजस्व स्तरीय एल.ई.डी. व होर्डिंग फ्लेक्सी बैनर जनपद स्तरीय तहसील,ग्राम पंचायत व राजस्व स्तर के लिए रवाना किया गया। जो पूरे ब्लाक स्तरीय व राजस्व स्तरीय पर आई.ई.सी. गतिविधियों के माध्यम से जन जागरूकता का कार्य करेंगी एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेंट संस्था डी.पी.सी. सक्षम प्रताप सिंह व सहायक डी.पी.सी. नीरज जायसवाल के द्वारा ब्लॉक स्तर,राजस्व एवं ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया गया।

## जिला निर्वाचन विभाग के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में लगाया गया जागरूक प्रदर्शनी, डीएम ने खुद बटन दबा कर जांचा ईवीएम मशीन की गुणवत्ता



प्रखर संतकबीरनगर। ईवीएम मशीन को लेकर समय-समय पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते रहे हैं। जागरूकता प्रदर्शनी आए हुए कुछ लोगों का कहना है की ईवीएम मशीन गलत तरीके से काम करती है जिससे बटन कोई और दबाया जाता है और वोट कहीं और चला जाता है। इसी भ्रम को दूर करने के लिए जिला निर्वाचन विभाग के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम मशीन का प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। ईवीएम मशीन से ग्रामीणों तथा शहरी क्षेत्र के नागरिकों को जागरूक करने के लिए जिला स्तर से लेकर तहसील स्तर तथा ब्लॉक स्तर तक एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिलाधिकारी कार्यालय पर लगी प्रदर्शनी को लेकर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने खुद ईवीएम मशीन के डेमो का जांच किया तथा बटन दबाकर उसकी गुणवत्ता की बारे में वहा उपस्थित सभी नागरिकों को जागरूक किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह ईवीएम मशीन का डेमो है। जो लोगों के दिमाग के अंदर जो एक बहम चल रहा है, इस भ्रम को दूर करने के लिए यह जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई है इसे कोई भी आकर इस डेमो के द्वारा प्रशिक्षण ले सकता है। तथा ईवीएम मशीन की जांच कर इसके बारे में भ्रम को दूर कर सकता है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर एक संगोष्ठी का हुआ आयोजन




प्रखर जौनपुर। शुक्रवार को फरीदुल हक मेमोरियल पी जी कॉलेज तालीमाबाद सबरहद शाहगंज जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले एक दिवसीय सामान्य शिविर के तहत राष्ट्रीय युवा दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के समस्त स्वयं सेवक/ सेविकाओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, स्वयंसेवक अब्दुर्रहमान, राजू,सवयं सेविका संस्कृति अग्रहरि,शाहीन बानो,विधि सोनी ने विवेकानंद के शिक्षा एवं उनके विचारों पर प्रकाश डाला तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ0 तबरेज आलम ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व दोनों का उल्लेख करते हुए युवाओं को देश के प्रति आत्मसमर्पण एवं देशहित की बात करते हुए विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की बात कहीं और कहा कि अपने जीवन में इन बातों पर अमल करें और अपने विचारों में उतरे। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश चौरसिया ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ0 निजामुद्दीन, डॉ0 अनामिका पांडेय ,डॉ संजय यादव, डॉ पूजा रानी, डॉ भास्कर कुमार तिवारी, डॉ सुनीता यादव, रामचंद्र मौर्य, खुर्शीद हसन खान ,सुनीता यादव आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में कायाकल्प के तहत सेमिनार एवं वृक्षारोपण




प्रखर वाराणसी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय पाण्डेयपुर वाराणसी में कायाकल्प के तहत दिए गए सुझाव और पैथोलॉजी विभाग का किया गया निरीक्षण। वहाँ कुपोषण वार्ड का निरीक्षण करते हुए छोटे- छोटे बच्चों तथा उनके माता के आहार के बारे में बताया गया की उनको कितनी मात्रा में आहार दिया जाए बताया की एक दिन की समय सारणी के अनुसार भोजन दिया जाए तथा यहां की व्यवस्थाओं को देखते हुए आरो पानी मशीन के बारे में पूछे की समय से सर्विस वगैरह हो रहा है कि नहीं। सभी स्टाफ तथा नर्स मीटिंग हॉल में बैठकर कायाकल्प के तहत किया चर्चा जिसे अस्पताल के सभी स्टाफ सीएमएस दिग्विजय सिंह तथा नोडल अधिकारी डॉ. प्रेम प्रकाश आदि लोग मौजूद होकर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जिसमें एक पौधा करौंदा,एक डोना, एक तुलसी का पौधा लगाते हुए और सभी जो कमियां है उसको व्यवस्थित तथा दूर करने के लिए शपथ लिए और कायाकल्प कार्यक्रम को सफल मनाने की दी गई बधाई।

## नए थानेदार के लिए आपराधिक वारदातों को रोकना बनेगी चुनौती

### जैगहा बाजार में चोरी हुई बन्दूक और आभूषण की बरामदगी भी अहम




प्रखर खेतासराय जौनपुर। जिले के थाना क्षेत्रों में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने आठ थाना प्रभारियों को हटाकर अन्यत्र थानों में भेज दिया है । खेतासराय में बढ़ी जरायम को देखते हुए एसपी ने थानाध्यक्ष चंदन रॉय को यहाँ से हटाकर उनके स्थान पर मुंगराबादशाहपुर के थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह को कमान सौंपी है । नगर का दोहरा हत्याकांड और मझौरा में हुई गोली काण्ड से अचानक सुर्खियों में आ गया । इधर कुछ माह के अंदर हुई कई चोरी, उच्चका गिरी अन्य आपराधिक घटनाओं को पुलिस ने खुलासा की बात तो दूर एफआईआर भी दर्ज करना मुनासिब नही समझा । लगभग तीन माह तक चन्दन रॉय यहाँ थानाध्यक्ष के रूप में रहे । दो बड़ी घटनाओं का खुलासा तो पुलिस ने कर दिया था लेकिन इसके चलते जनपद दहल उठा था । इस से पुर्व प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव के कार्यकाल में 16 अगस्त को हरिराम यादव के घर पर भीषण चोरी का मामला भी ठंडा बस्ता में चला गया । चोरों ने एक लाख का जेवर, नकदी और लाइसेंसी बंदूक को उड़ा दिया था । कुछ घटनाओ पर नजर डालें तो चोरियां की घटनाओ को पुलिस ने नजरअंदाज कर दिया । पीड़ित थाने का चक्कर लगाते रहे। इसी क्रम में छ अगस्त को नगर के दीदारगंज मार्ग पर नगर निवासी अशोक विश्वकर्मा की खराद की दुकान में चोरों ने रोशनदान तोडकर पेटी में रखा तीस हजार नकद उड़ा दिया।वहीं तीसरी घटना दस अगस्त की है चौराहे और पुलिस बूथ के समीप मिथलेश सोनकर के फल की दुकान से चोरों ने बीस हजार का फल ताला तोड़कर उड़ा दिया।ऐसे ही सोलह अगस्त को चौराहे पर ही अजय सोनकर के फल की दुकान में एक चोर चोरी करते रंगे हाथ दुकानदारों ने पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया लेकिन पुलिस ने अगले ही दिन उसे छोड़ दिया। इधर इक्कीस अगस्त को पैसा दोगुना करने के नाम पर नगर के बभनौटी वार्ड निवासी नितेश पांडे को स्थानीय ने दस लाख से अधिक की ठगी कर लिया । छटवी घटना एक अक्टूबर को मूर्तिकार उत्तमपाल बंगाल के साथ ठगी के मामले भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नही की । छिटपुट अनेक ऐसी घटनाएं हुई जिससे लोग सहमे रहे ।

## श्री श्री ज्ञान मंदिरों की राष्ट्रीय संयोजिका का मना जन्मोत्सव

### बच्चों को सांस्कारिक व नैतिक शिक्षाः राजेश अग्रवाल, शिक्षा की ज्योति जला रही हैं भानु दीदीः पीएन सिंह



प्रखर कसया, कुशीनगर। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता व आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर द्वारा स्थापित श्री श्री ज्ञान मंदिरों की राष्ट्रीय संयोजिका भानु नरसिंघम उर्फ भानु दीदी के जन्मोत्सव के अवसर पर शिक्षकों व बच्चों ने केक काटकर उनके दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर बच्चों में भोजन व मिष्ठान बितरित किया गया। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड संख्या 17 मणिपुरम (शामपुर हतवा बाड़ी पुल) व परसौनी खुर्द स्थित श्री श्री ज्ञान मन्दिर में भानु दीदी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम को सबोधित करते हुए जिला समन्वयक राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि भानु दीदी के निर्देशन में श्री श्री ज्ञान मन्दिर विद्यालयों में बच्चों को सांस्कारिक व नैतिक शिक्षा दी जा रही है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुरेंद्र मिश्रा, अमीना खातून, ममता यादव, रंजीत सिंह, वन्दना देवी, प्रमोद राव, अशोक मिश्रा, स्वामी नाथ, प्रधानाध्यापक हरेंद्र यादव सहित बच्चे उपस्थित रहे। वार्ड संख्या 20 शहीद भगत सिंह नगर (अनिरुद्धवा) स्थित श्री श्री ज्ञान मंदिर में भानु दीदी के जन्मदिन पर विद्यालय के प्रबन्धक व वार्ड सभासद पीएन सिंह, शिक्षकों व बच्चों ने केक काटा और दीदी के दीघार्यु की कामना कीं। प्रबन्धक श्री सिंह ने कहा कि भानु दीदी की देख रेख में पूरे देश में श्री श्री ज्ञान मन्दिर शिक्षा की ज्योति जला रही है। इसी क्रम में सिसवा - महन्थ स्थित श्री श्री ज्ञान मन्दिर विद्यालय में प्रधानाध्यापक आमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया और केक काटा गया। इस अवसर पर अशोक सिंह, श्रीमती संगीता सिंह, राजभवन सिंह, गणपति शर्मा, हरीओम प्रकाश सिंह, मंगेश चन्द, पूनम गुप्ता श्वेता सिन्हा, ज्योती सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह, सूर्यप्रताप सिंह, अनुराधा मद्धेशिया, सबिता देवी, रीना मिश्रा, मेनका एलियास रेशमा, ज्योती, आंचल कुशवाहा, शीला सिंह, रानी सिंह मौजूद रहीं।

## एसबीआई द्वारा जरूरतमंदो को ठंड से बचाने का प्रयास सराहनीय



प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा जरूरतमंदो को ठंड से बचाने के लिए प्रयास किए जा रहे है । वही सरकार ने जिम्मेदारो को भी निर्देश रखे है कि हरहाल में लोगो को ठंड से बचाया जाय। भारतीय स्टेट बैंक सहजनवा द्वारा लोगो को ठंड से बचाने का जो प्रयास किया गया है। वह सराहनीय कदम है। उक्त बातें चेयरमैन सहजनवां संजू सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक सहजनवा के तत्वाधान में आयोजित जरूरतमंदो में कम्बल वितरण के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लोगो को संबोधित करते हुए कही । शाखा प्रबंधक एम० ए० अंसारी ने कहा की भारतीय स्टेट बैंक सहजनवा द्वारा लोगो को ठंड से बचाने के लिए प्रयास किया जा रहा है । ऐसे आयोजन आगे भी होते रहेंगे । इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, परिचालक मेमोरीलता, सीनियर असिस्टेंट विनय कुमार सिंह, तौफीक अंसारी, प्रेमचंद, सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### काशी के पद्मश्री हुए निमंत्रित



प्रखर वाराणसी। 22 जनवरी को होने वाले अयोध्या श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आमंत्रित होने वाले श्रेष्ठ जनों की कड़ी में प्रांत धमार्चार्य के सह प्रमुख शशि भूषण त्रिपाठी के नेतृत्व में आज पद्मश्री प्राप्त 126 वर्षीय स्वामी शिवानंद योगी जी को आमंत्रित किया गया इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के काशी महानगर उपाध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्र एवं विशेष संपर्क सह प्रमुख सत्य प्रकाश जी उपस्थित रहे।

### स्वामी विवेकानंद स्कूल में विवेकानंद की 161वीं जयंती मनाई गई



प्रखर केराकत, जौनपुर। स्वामी विवेकानंद स्कूल में विवेकानंद की 161 वीं जयंती मनाई गई। स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं ज्ञान की खजाना है वे आत्मविश्वास, ज्ञान की खोज, आत्म- सुधार, दूसरों की सेवा और सार्वभौमिक भाईचारे के महत्व पर जोर देते हैं। उनके आदर्श वाक्य उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए,ऐ आज भी दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित करता है पत्रकार अमित प्रताप यादव ने स्कूल के बच्चों को बताया कि स्वामी विवेकानंद की कही गई बातें युवाओं में जोश भरने का काम करती है उनकी युवावस्था देश के हर युवा के लिए बेहतरीन मिसाल है। यही वजह है, उनके जन्मदिन को देश में युवा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। केराकत में स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल में आज दिनांक 12 जनवरी को विद्यालय के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं मैनेजर देवेंद्र प्रताप एडवोकेट, पत्रकार अमित प्रताप यादव, राममिलन यादव, पूनम सिंह, पूनम यादव, पूजा, प्रिया, छाया, मीना और आंचल उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वामी विवेकानंद की छवि को पुष्प अर्पित कर उनकी जन्म दिवस मनाया।

### जिला अधिकारी का निर्देश जारी, 22 जनवरी को बंद रहेंगे सभी मदिरा, भांग, ताड़ी की दुकानें



प्रखर संतकबीरनगर। कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के पत्र संख्या 13001-130075 /दस-लाइसेस-367 / सुझाव आबकारी नीति /2024-25/दिनांक 11.01.2024 द्वारा 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में चल रहे मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी, ऐसे में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तवर के निर्देशन के क्रम में दिनांक 22.01.2024 को सभी मदिरा की दुकाने बन्द रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त आदेश के क्रम में मैं महेन्द्र सिंह तवर, जिला मजिस्ट्रेट संत कबीर नगर संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 की धारा-59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये 22.01.2024 को जनपद की समस्त देशी मदिरा, विदेशी मदिरा बीयर, माडलशाप, भांग एवं ताड़ी की फुटकर दुकानें एवं समस्त थोक अनुज्ञापनों को पूर्ण रूप से बन्द रखने का आदेश देता हूँ। उक्त बन्दी के लिये अनुज्ञापियों को कोई प्रतिपूर्ति देय नहीं होगा।

### भोजपुरी गायक पवन चौबे (दुर्गा) का काला साड़ी 2.0 गाने को किया रिलीज




प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर के भदवा का रहने वाले गायक पवन चौबे दुर्गा व शिल्पी राज ने यूपी और बिहार के दिल मे एक अलग ही पहचान बना लिया। अभी हाल में ही पवन चौबे ने अनेको गाने को रिलीज किया है।जो मिलियन में चल रहा है उसी में एक गाना छोड़ा काला साड़ी 2.0 को रिलीज किया है।श्रोताओं लोगो ने प्यार व आशीर्वाद दिया है।इस गाने का इंस्टाग्राम व स्नैपचैट पर ट्रेंडिंग में चल रहा है लोग रील बना रहे।इस गाने को बहुत प्यार मिल रहा है।इसको अपने आवाज से सजाया है।पवन चौबे दुर्गा व शिल्पी राज ने गाया है जो बहुत प्यार मिल रहा है।इसका वीडियो भी रिलीज हो गया है। गाने को लिखे है राजू विकाश,इस गाने को संगीत दिए है त्रिभुअन यादव ने और मैनेजर आकाश सेठ है।,आशीवार्द माता पिता व बड़े भाई राहुल चौबे जी का है। इस गाने में अनेकों ने सहयोग किया किया है।और यह गाना पवन चौबे ऑफिसियल प्रेसेंट्स से रिलीज हुआ है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं